# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






हरिभूमि-आईएनएच की खबर पर मुहर

# दो बच्चों की मां पहुंची दोबारा शादी करने, जांच के बाद 18 जोड़े रिजेक्ट

- जोड़ों से दो-दो हजार वसूली, संस्थान ने पुलिस में की लिखित शिकायत
- कार्यक्रम के पहले काटे गए 18 के नाम, फिर मंडप से हो गए गायब
- प्रमाण पत्रों पर फिलहाल रोक लगाई गई, जांच के बाद कुरियर से भेजेंगे

### दो बच्चों की मां बैठी मिली मंडप में

विवाह मंडल में बैठी महिला ही दो बच्चे की मां निकली, उसे वहां से हटा दिया गया। आयोजकों ने उस महिला से पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि उसके पहले से दो बच्चे हैं और वो शादीशुदा है। साथ ही कुछ नाबालिग जोड़े भी शादी करने पहुंचे थे। उन्हें भी आयोजन का हिस्सा नहीं बनने दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आस्था बहुद्देशीय कल्याण संस्थान के सामूहिक विवाह में हरिभूमि की खबर पर मुहर लग गई। संस्थान ने हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद 18 जोड़ों को रिजेक्ट कर दिया। इनमें कुछ नाबालिग निकले तो कुछ पहले से ही शादीशुदा थे। दिव्यांगों के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर



### जांच करेंगे

संस्थान की ओर से महिला की शिकायत की गई है। संबंधित महिला पर कुछ लोगों ने पंजीयन के नाम पर राशि लिए जाने का आरोप लगाया है। दस्तावेज लेकर जांच की जाएगी।

-भानुप्रसाद साव, थाना प्रभारी, मोहननगर दुर्ग

### नाबालिग और दोबारा विवाह वालों के नाम हटाए

*संस्थान द्वारा पिछलं लंबे समय से वैवाहिक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में कुछ लोग कार्यक्रम पर पानी फेरने का प्रयास कर रहे हैं। नाबालिग और दुबारा विवाह करने वाले करीब अठारह लोगों के नाम हटा दिए गए थे। अगली बार गहनता से जांच करेंगे। जहां तक प्रमाण पत्र की बात है, जांच के बाद जारी किए जाएंगे।*

*-प्रकाश गेडाम, अध्यक्ष, आस्था संस्थान*



हरिभूमि

शादी के लिए दुर्ग में दिव्यांगों की भीड़

30 से ज्यादा जोड़े पहले से शादीशुदा






## T20 world cup स्कोर बोर्ड

| | | |
|---|---|---|
| इंग्लैंड 122/5 | VS | नामीबिया 84/3 |

41 रन से जीता इंग्लैंड

47* रन : हैरी ब्रुक प्लेयर ऑफ द मैच

| | | |
|---|---|---|
| स्कॉटलैंड 180/5 | VS | आस्ट्रेलिया 186/5 |

5 विकेट से जीता आस्ट्रेलिया

59 रन : मार्कस स्टोइनिस प्लेयर ऑफ द मैच

| | | |
|---|---|---|
| आयरलैंड 106/9 | VS | पाकिस्तान 111/7 |

3 विकेट से जीता पाकिस्तान

13* रन, 3 विकेट : शाहीन अफरीदी प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

बांग्लादेश vs नेपाल — समय : सुबह 5 बजे

श्रीलंका vs नीदरलैंड — समय : सुबह 6 बजे

न्यूजीलैंड vs पीएनजी — समय : समय : रात 8 बजे

सीएम, प्रदेश प्रभारी की उपस्थिति में विधायक-सांसदों, भाजपा कोर ग्रुप के सदस्यों से लिए गए सुझाव

# जनता सीधे चुनेगी मेयर, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत चुनाव भी एक साथ संभव

*प्रदेश में एक बार फिर से नगर निगमों के महापौर और नगरपालिकाओं के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। जनता को अपनी ही पसंद का महापौर और अध्यक्ष चुनने का मौका मिलेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

दरअसल, कुशभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिहार के मंत्री नितिन नवीन, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की उपस्थिति में हुई विधायक दल, सांसदों और भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में सभी ने प्रत्यक्ष चुनाव पर सहमति जताई है। नगरीय निकाय चुनावों के साथ ही प्रदेश की ग्राम पंचायतों के चुनाव भी एकसाथ कराने पर प्रारंभिक सहमति भी बनी है।

प्रदेश के चुनाव प्रभारी नितिन नवीन ने रविवार को ठाकरे परिसर में विधायक दल की बैठक ली। इसमें मुख्यमंत्री के साथ सभी मंत्री और विधायक पहुंचे। बैठक में सबसे पहले तो लोकसभा चुनाव में 11 में 10 सीटें जीतने पर सभी को बधाई दी गई। इसी के साथ विधानसभा चुनाव में 54 सीटों पर जीत के लिए प्रसन्नता जताई गई। इसके बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर



### कोर ग्रुप और सांसदों की भी ली राय

विधायकों के बाद हुई सांसदों की बैठक में भी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर उनसे 0सुझाव लेते हुए पूछा गया कि वे क्या सोचते हैं। सांसदों ने भी एकमत होकर कहा, महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष होना चाहिए। इसी के साथ नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी एकसाथ कराने पर सभी ने सहमति जताई है। सांसदों से लोकसभा चुनाव का फीडबैक भी लिया गया। इसी के साथ कोर ग्रुप में भी नगरीय निकाय चुनाव पर आम सहमति प्रत्यक्ष चुनाव पर बनी है। बैठकों में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद-मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, सभी विधायक, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय मंत्री और बिलासपुर के सांसद तोखन साहू, सभी सांसद और कोर ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

### सभी चुनाव एक साथ

बैठक में इस बात को लेकर भी चर्चा की गई कि नगरीय निकाय चुनाव के साथ ही ग्राम पंचायतों के चुनाव भी एक साथ कराए जाएं। इसको लेकर भी सभी ने सहमति जताई है। अब प्रदेश सरकार अपने स्तर पर देखेगी कि क्या करना है। प्रदेश में जहां 14 नगर निगम हैं, वहीं 48 नगरपालिका, 122 नगर पंचायतें, 33 जिला पंचायतें और 11664 ग्राम पंचायतें हैं। यहां एकसाथ चुनाव होंगे। इसी के साथ परिसीमन भी होना है।

### भाजपा का सेवा पखवाड़ा 23 से कार्यक्रम तय

भाजपा प्रदेश संगठन ने 21 जून को योग दिवस के बाद 23 जून से 6 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा मनाने कार्यक्रम तय किए हैं। भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कोर कमेटी, भाजपा विधायक दल एवं सांसद दल की आवश्यक बैठक ली। इसमें सेवा पखवाड़े को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पत्रकारों से चर्चा में बताया, भारतीय जनता पार्टी की अलग-अलग श्रेणियों की आवश्यक बैठक भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के नेतृत्व में हुई। प्रथम बैठक कोर कमेटी, क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक और सहसंयोजकों की हुई। दूसरी बैठक भाजपा विधायक दल की हुई, जिसमें आगामी कार्ययोजना को लेकर प्रदेश प्रभारी का मार्गदर्शन ▶▶ शेष पेज 4 पर

26 को खुलेंगे स्कूल

## गर्मी का प्रकोप, अब 25 तक बंद रहेंगे सभी स्कूल शाला प्रवेशोत्सव स्थगित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के स्कूलों में अब 25 जून तक अवकाश रहेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के सभी स्कूलों में 25 जून तक अवकाश की घोषणा की गई है। अब राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी 26 ▶▶ शेष पेज 4 पर

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश जारी करने दिए निर्देश

### भेजे गए संदेश

आदेश के अनुसार, शासकीय विद्यालयों के साथ ही निजी विद्यालयों को भी 25 जून तक विद्यालय बंद रखना होगा। सोमवार को अवकाश के कारण स्कूलों में कक्षाएं 18 जून से प्रारंभ होने वाली थी। इसके लिए विद्यालयों द्वारा पालकों को पूर्व में ही सूचित कर दिया गया था। अब रविवार शाम को अवकाश वृद्धि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कल से होने थे प्रवेशोत्सव

विद्यालयों में 18 जून से शाला प्रवेशोत्सव प्रस्तावित थे। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके अनुसार विद्यालयों में तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। अब इसे स्थगित किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, 26 जून से स्कूल खुलने के बाद शाला प्रवेशोत्सव प्रारंभ होगा।

राजस्थान से आरोपी गिरफ्तार

## सलमान के घर फायरिंग केस में नया केस दर्ज

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी के सिलसिले में एक नया मामला दर्ज किया है। आपराधिक धमकी के आरोप में राजस्थान से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर (25) के रूप में हुई है। गुर्जर ने कथित तौर पर अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यूट्यूब पर अपलोड किया वीडियो


अधिकारी ने बताया कि गुर्जर ने कथित तौर पर अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया था। इसमें उसने कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और गिरोह के अन्य सदस्य मेरे साथ हैं और मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं क्योंकि उसने अभी तक माफी नहीं मांगी है।

मौसम विभाग का अनुमान, अगले 4-5 दिनों में मानसूनी बारिश

## आगे बढ़ रहा मानसून, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून सही गति से आगे बढ़ रहा है। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 4-5 दिनों में देश के किन हिस्सों में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मानसून के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो गई हैं। आगामी 4-5 दिनों में इन राज्यों में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### 24 घंटों में छत्तीसगढ़ में झमाझम

छत्तीसगढ़ में मानसून ने सही समय पर एंट्री की थी और उसके बाद से प्रदेश के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। वहीं एक हिस्सा ऐसा भी है जहां गर्मी ने अब तक पीछा नहीं छोड़ा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार सोमवार 17 जून से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी बारिश की संभावना बनी हुई है। साथ ही अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

### इन क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू का अलर्ट

आईएमडी ने कई क्षेत्रों में हीट वेव की चेतावनी भी जारी की है। उत्तर प्रदेश में 18 जून तक हीट वेव से लेकर गंभीर हीट वेव का अनुमान है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी 18 जून तक यही स्थिति रहेगी। बिहार और झारखंड में भी अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

अमरकंटक एक्सप्रेस में टला हादसा

## ट्रेन में चढ़ते पैर फिसला जवान ने बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग की तरफ से आ रही अमरकंटक एक्सप्रेस भिलाई पॉवर हाउस के प्लेट फार्म नंबर एक पर रुकी। ट्रेन पावर हाउस स्टेशन से रवाना होने लगी। तभी एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने लगा, इसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सजगता से टला हादसा

भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर ड्यूटी पर उपस्थित प्रधान आरक्षक एसके तिवारी द्वारा उन्हें किसी तरह बचाया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आरपीएफ जवान एसके तिवारी की जमकर तारीफ की। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत ड्यूटी में तैनात जवानों की सजगता से ट्रेनों में चढ़ते समय होने वाले हादसा की निगरानी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### रायपुर रायनोस ने जीता सीसीपीएल का खिताब



रायपुर। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमीयर लीग का फाइनल महामुकाबला रविवार रायपुर रायनोस और बिलासपुर बुल्स के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में टीम रायपुर रायनोस ने 8 विकेट से सीसीपीएल का खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ने 20 ओवर में 156 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम रायपुर ने 16 ओवर में ही मैच जीत लिया। रायपुर से अनुज तिवारी की शानदार बल्लेबाजी की 42 बॉल में 65 रन तो वही हर्ष शर्मा ने 36 गेंदों में 57 रनों की नॉटआउट पारी खेली टीम को जीत दिलाई। - देखें खेल पेज

### ईदुल अजहा आज

रायपुर। ईदुल अजहा का त्योहार सोमवार को पूरे देश में मनाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। रविवार को राजधानी के बाजारों में भी काफी चहल-पहल दिखाई दी। राजधानी रायपुर के ईदगाह और मस्जिदों में अलग-अलग वक्त पर नमाज अदा की जाएगी। यह पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम से ही कुर्बानी देने की प्रथा शुरू हुई थी।

स्कूली पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी ने किया बदलाव

## किताब से हटा बाबरी विध्वंस और गुजरात दंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनसीईआरटी की नई रिवाइज्ड किताबें बाजार में आ चुकी हैं। इसमें कई तरह का बदलाव किया गया है। किताबों में अयोध्या विवाद, बाबरी मस्जिद और गुजरात दंगों के संदर्भ में बदलाव किए गए हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित किताब में बाबरी मस्जिद का जिक्र नहीं है। बाबरी मस्जिद की जगह 'तीन गुंबद वाली संरचना' का जिक्र किया गया है। वहीं अयोध्या विवाद के टॉपिक को 4 पेज की जगह 2 पेज का कर दिया गया है। गुजरात दंगों से संबंधित संदर्भों को भी हटाया गया है और किताब में कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक विवरण हटा दिए गए हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### भगवाकरण पर यह बोले

सकलानी ने कहा, अगर हम भारतीय ज्ञान प्रणाली के बारे में बता रहे हैं, तो यह भगवाकरण कैसे हो सकता है? पाठ्यक्रम का भगवाकरण करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है, सबकुछ तथ्यों और सबूतों पर आधारित है। अगर हम महरौली के लौह स्तंभ के बारे में बता रहे हैं और कह रहे हैं कि भारतीय किसी भी धातु वैज्ञानिक से कहीं आगे थे, तो क्या हम गलत कह रहे हैं? यह भगवाकरण कैसे हो

### नई पाठ्यपुस्तकें में ऐसा बदलाव

- कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है
- बाबरी मस्जिद की जगह इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है।
- अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

### दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए?

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर सकलानी ने कहा, हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा, क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए... जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों।




SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..

छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम

500+

सफलतम रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी





MAXX MERILL CUVIS

मध्य भारत का पूर्णत: स्वचालित ज्वाईंट रिप्लेसमेंट रोबोट

- Best Orthopedics Team
- Accuracy and Perfection
- Nearly 100% Accurate
- Better Balancing of Knee



डॉ. सुनील खेमका
HOD, Department of Orthopaedics



डॉ. प्रीतम अग्रवाल
Robotic Joint Replacement Surgeon and Arthroscopic Surgeon



डॉ.अम्बरीश वर्मा
M.S (Ortho)



डॉ. मनीन्द्र भूषण
M.S. (Ortho)
FNB (Spine Surgery)



डॉ. राम खेमका
M.S (Ortho)



डॉ. प्रदीप पटेल
M.S (Ortho)

आयुष्मान भारत योजना, CGHS, SECR, ESIC, SAIL, CSEB, FCI, सभी इंश्योरेंस कंपनियों एवं सभी कार्पोरेट संस्थानों से कैशलेस ईलाज की सुविधा उपलब्ध

गंज मंडी के पास, देवेन्द्र नगर, सेक्टर-5 के पीछे, पंडरी, रायपुर


www.snh.org.in

9300 37 37 37

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

माड़ में पांच दिन के आपरेशन में 50 लाख से अधिक के ईनामी 8 नक्सली मारे गए

6 नक्सलियों की हुई शिनाख्त सभी पर 8-8 लाख ईनाम

## नक्सलियों की कथित राजधानी कुतूल में फोर्स का डेरा मारे गए आठ माओवादियों पर था 50 लाख का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

हरिभूमि फॉलोअप



नारायणपुर जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान में पिछले पांच दिनों में चलाए गए आपरेशन में सुरक्षाबलों ने 50 लाख से अधिक के ईनामी 8 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में मारे गए 6 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है, सभी पर 8-8 लाख का ईनाम घोषित था।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर पुलिस द्वारा संचालित नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। शीर्ष माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर फोर्स ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मारे गए नक्सलियों में यह शामिल

माड़ मुठभेड़ में मारे गए आधा दर्जन नक्सलियों पर 8-8 लाख का ईनाम घोषित था और इनकी शिनाख्त हो चुकी है। मारे गए नक्सलियों में सीवायपीसी पीएलजीए कंपनी नम्बर एक व डीवीसीएम सुदरू के अलावा वर्गेश व ममता सीवायपीसी व कम्पनी नम्बर एक के सदस्य व डीवीसीएम के पद पर थे। वहीं पीपीसीएम व पीएलजीए कम्पनी नम्बर वन के सदस्य समीरा, कोसी व मोती शामिल है, जिन पर 8-8 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ में मारे गए दो अन्य नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है, उनकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इस मुठभेड़ में एक एसटीएफ का आरक्षक नितेश एक्का 27 वर्ष निवासी जिला जशपुर शहीद हो गए थे। वहीं दो ▶▶|शेष पेज 4 पर

घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा : सीएम साय

मुख्यमंत्री और गृहमंत्री नक्सली हमले में घायल जवानों से मिलने पहुंचे रामकृष्ण अस्पताल

## नक्सल मुठभेड़ में घायल जवान के हौसले बुलंद, कहा- ठीक होते ही और मारूंगा



रायपुर। नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल एसटीएफ के जवान कैलाश नेताम ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कहा, ठीक होते ही और मारूंगा। अस्पताल के बिस्तर में लेटे घायल जवान की इस बुलंद आवाज ने कैप्टन विक्रम बत्रा की याद दिला दी, जिन्होंने करगिल की लड़ाई लड़ते हुए कहा था 'ये दिल मांगे मोर'। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ▶▶|शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ली हाईलेवल मीटिंग, जीरो टेरर प्लान

# आतंकियों पर कसेगा शिकंजा, कश्मीर की तर्ज पर अब जम्मू में होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को सफलता हासिल करने के लिए कश्मीर की तर्ज पर जम्मू संभाग में भी क्षेत्र प्रभुत्व और आतंकवाद की गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने की नीति (जीरो टेरर प्लान) को लागू करने का रविवार को निर्देश दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार नए तरीकों से आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है।*

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक में बुलाई गई। केंद्रीय गृह मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जाएगा। शाह ने यहां नॉर्थ ब्लॉक में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ शाह बोले- मोदी सरकार आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

### शाह का कश्मीर पर संदेश

गृहमंत्री अमित शाह ने बैठक के दौरान कहा है कि आतंकवाद को कुचलना जरूरी है और किसी भी कीमत पर उसे फिर पनपने नहीं दिया जा सकता। अधिकारियों को संदेश देते हुए शाह ने यहां तक कहा है कि आतंकवाद समर्थकों को बख्शा नहीं जा सकता और उनके खिलाफ हर संभव एक्शन लेना होगा। इस समय जम्मू कश्मीर में आने वाले दिनों में अमरनाथ यात्रा और चुनाव जैसे बड़े कार्यक्रम भी होने जा रहे हैं। उस बात का जिक्र करते हुए भी अमित शाह ने अधिकारियों को कहा है कि पूर्ण सुरक्षा कवर दिया जाए, यात्रा मार्गों पर सुरक्षा को और ज्यादा मुस्तैद किया जाए, जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त फोर्स की तनाती भी हो।

### एनएएस और रॉ के अधिकारी भी हुए शामिल



### अमरनाथ यात्रा के लिए पूर्ण सुरक्षा कवर

नई दिल्ली में हुई इस बैठक में केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही अमरनाथ यात्रा के लिए पूर्ण सुरक्षा कवर, यात्रा मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था, राजमार्गों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने, जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर चौकसी बरतने का भी आह्वान किया गया। गृह मंत्री की अध्यक्षता में बुलाई गई इस बैठक में एनएसए अजीत डोभाल, एलजी मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सीएस डुलू, डीजीपी स्वैन, एडीजीपी विजय कुमार और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

### इस प्लान पर काम करेगी सरकार

हाल की जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई है, उनमें एक बड़ा पैटर्न यह देखने को मिला है कि दहशतगर्द चोरी छिपे जम्मू कश्मीर में जंगलों के रास्ते से एंट्री कर रहे हैं। घटनाओं का जिक्र करते हुए अमित शाह ने अधिकारियों को बोला है कि उन सभी रास्तों को बंद किया जाए जहां से विदेशी आतंकवादी घुसने में कामयाब हो जाते हैं।

### किस बात से उत्साहित शाह

वैसे बैठक के दौरान अगर कई सारी चिंताजनक बातों का जिक्र रहा, इसके अलावा अमित शाह ने संतुष्टि भी जाहिर की। असल में एक आंकड़ा सामने आया जिसमें कहा गया है कि पिछले कुछ सालों में जो स्थानीय आतंकी हैं, उनकी भर्ती में भारी कमी देखने को मिली है। इस बात से अमित शाह खासा उत्साहित हैं। उन्होंने साफ संदेश दिया है कि सरकार आतंकियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करने को तैयार है।

24 को लेंगे सांसद पद की शपथ

## बृजमोहन 19 को दे सकते हैं विधायक पद से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में रायपुर से सांसद का चुनाव जीतने वाले प्रदेश के मंत्री और रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल 19 जून को विधायक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। 24 जून को लोकसभा का सत्र प्रारंभ हो रहा है, इसमें वे भी सांसद पद की शपथ लेंगे। इसके पहले वे विधायक का पद छोड़ देंगे। प्रदेश के मंत्री के पद को लेकर बृजमोहन कह चुके हैं कि वे छह माह तक इस पद पर बने रह सकते हैं, लेकिन इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सहमति जरूरी होगी।



*24 जून को लेंगे सांसद पद की दिल्ली में शपथ*

भाजपा ने लोकसभा के चुनाव में इस बार रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा का चुनाव लड़वाया। इस चुनाव में उनको रिकॉर्ड मतों से जीत मिली। केंद्र में मंत्री बनने की दौड़ में विजय बघेल, संतोष पांडेय के साथ बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल थे, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को मंत्री बनाया है। अब तक श्री अग्रवाल ने विधायक के पद से इस्तीफा नहीं दिया है।


### समय-सीमा से एक दिन पहले

जानकारों का कहना है, सांसद के चुनाव के बाद 6 जून को अधिसूचना जारी हुई थी। ऐसे में 6 जून के बाद से 14 दिनों का समय मिलाकर 20 जून तक का समय होता है। ऐसे में अब बताया जा रहा है कि श्री अग्रवाल ने 19 जून को विधायक पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। संभावना है कि समय सीमा समाप्त होने के एक दिन पहले वे विधायिकी छोड़ देंगे।

## खबर संक्षेप

### नौ करोड़ की नशीली दवाएं जब्त, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को बताया कि दो तस्करों को गिरफ्तार कर करीमगंज जिले से करीब नौ करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं 'याबा गोलियां' जब्त की गई हैं।



करीमगंज पुलिस और बीएसएफ-जी शाखा, करीमगंज ने संयुक्त अभियान में एक वाहन से नौ करोड़ रुपये मूल्य की 30 हजार याबा गोलियां जब्त कीं।

### पौड़ी की खाई में गिरी कार, चार की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में रविवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए।



खिर्सू चौबट्टा के पास एक कार के अनियंत्रित होने और फिर 200 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार चार व्यक्तियों की मौत हो गई।

### मैकेनिक के घर से मिली 17.2 लाख की 'चरस'


**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17.2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।



एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा।

### आईआईटी-जेईई की तैयारी कर रहे युवक ने लगाई फांसी


**जयपुर।** राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक 'पेइंग गेस्ट हाउस' में रह रहा था।

### किसान को सांड़ ने पटक कर मार डाला

**बदायूं।** बदायूं जिले के एक गांव में सांड़ ने एक किसान को पटक कर मार डाला। गांव सिमरी बौरा में शनिवार शाम किसान अतरपाल (55) अपने खेत पर फसल की रखवाली करने गये थे, वहां सांड फसल को चर रहा था।



जब उन्होंने सांड़ को खेत से निकालने की कोशिश की तो उसने उन पर हमला कर दिया।

*गरियाबंद के ग्राम पसौद में कब्र से लाश के अंग गायब किए जाने का मामला*

## कब्र से गायब अंगों से काले जादू का शक, खेत में ढूंढ रहे हाथ और खोपड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

हरिभूमि फॉलोअप

गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम पसौद में कब्र में दफनाई गई लाश से अंग गायब किए जाने के मामले में जादू-टोने की बात सामने आ रही है। यहां 26 वर्षीय रोशनी साहू की दो माह पहले मौत हो गई थी। उसकी मृत्यु के बाद शव को दफनाया गया था। ग्राम पसौद की रोशनी साहू मामले में गिरफ्तार आरोपी के बयान के बाद फिर ट्विस्ट आ गया है। गिरफ्तार आरोपी को लेकर पुलिस दूसरे दिन भी कब्र से गायब ▶▶|शेष पेज 4 पर



### हिरासत में आरोपी, हो रही पूछताछ

मामले को देखकर लगता है कि आरोपियों द्वारा तंत्र-मंत्र काला जादू को लेकर उक्त कृत्य को किया गया है। फिर हाल पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में लगी हुई है कि आखिरकार दोनों हाथों को कहां छिपाया है और उक्त कृत्य किसलिए किया गया है। ▶▶|शेष पेज 4 पर



### ऐसा है मामला

ग्राम पसौद के चिंता राम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन की मौत दो माह पहले हुई थी और उसे रीति-नीति के अनुसार दफना दिए थे, लेकिन पता चला है कि ग्राम के तीन युवक उसकी कब्र से शव को निकालकर मेरे घर के पीछे एरिये में फिर दफना दिए हैं। फिंगेश्वर पुलिस ने मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए तहसीलदार से कब्र खोदने की मंजूरी लेते हुए तहसीलदार बीआर ध्रुव एवं पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचे। वहां पहुंचकर सबसे पहले प्रार्थी के खुला बाड़ी की खुदाई की गई, लेकिन वहां पर कुछ भी नहीं मिला।

1 हजार किमी तक मिलेगी सटीक जानकारी

## हाथियों की निगरानी के लिए अब एलीफेंट ऐप!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अलग खबर


उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट में हाथियों की लोकेशन और विचरण की सटीक जानकारी के लिए ऐप लांच किया गया है। इस ऐप के जरिए अर्ली वार्निंग अलर्ट भेजे जाएंगे। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट के उपनिदेशक वरुण जैन ने अपनी आईटी टीम एफएमआईएस और नोएडा बेस्ड स्टार्टअप कंपनी कल्पतरु के साथ मिलकर हाथी अलर्ट ट्रैकर ऐप को अपडेट किया है। ये अपडेट ▶▶|शेष पेज 4 पर





### प्रेग्नेंट मादा हाथी की मिलेगी जानकारी

उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि पिछले 2 सालों से ऐप के माध्यम से हम हाथियों की लोकेशन के अलावा उनके विचरण करने के तौर तरीके का भी अध्ययन कर रहे हैं, जिसमें कई सारी जानकारियां हमने एकत्र की है। जैसे किसी दल में अगर कोई मादा हाथी प्रेग्नेंट होती है या कोई हाथी बीमार रहता है तो दल काफी धीरे-धीरे विचरण करता है। इसी तरह गर्मी के मौसम में तालाब और जलाशयों के आसपास विचरण करता है। इन सब अध्यन के बाद अब हमने ऐप को अपडेट किया है, दल का कोई हाथी अगर बीमार है तो लोकेशन पर उस हाथी के ऊपर अलग से स्वास्थ्य चिन्ह दिखाई देगा।

## चिंतन

# ईवीएम की प्रमाणिकता को लेकर बहस बंद हो

भारतीय ईवीएम पर राजनीतिक बहस खत्म होनी चाहिए। भारतीय स्वदेशी तकनीक पर सबको भरोसा होना चाहिए। ईवीएम की सत्यता, प्रमाणिकता और तकनीकता को लेकर किसी को आशंका नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ईवीएम की तकनीक को लेकर अनेक बार प्रमाणिक सफाई दे चुका है, आरोप लगाने वाले दलों को अपने आरोपों को तकनीकी रूप से सिद्ध करने का अवसर दे चुका है। सुप्रीम अदालत में ईवीएम-वीवीपैट मामले पर तार्किक जिरह हो चुकी है, इसके बावजूद देश में हर चुनाव के वक्त विपक्षी दलों की ओर से ईवीएम पर सवाल उठाना एक ट्रेंड बन गया है, चाहे फैसला जो भी हो। ईवीएम पर विवाद करना अपनी स्वदेशी तकनीकी उपलब्धि पर संदेह जताना है। अमेरिकी व्यापारी एलन मस्क ने एआई से ईवीएम को हैक करने को लेकर जो भी बयान दिया है, उसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ईवीएम किसी भी बाहरी तकनीक से कंट्रोल्ड नहीं है, इसलिए इंटरनेट आधारित किसी भी तकनीक से ईवीएम को न हैक किया जा सकता है, न संचालित और न नियंत्रित किया जा सकता है। ईवीएम एक सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर है, जो किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग है, किसी से कनेक्ट नहीं है, ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट से जुड़ा नहीं है। यानी हैक या नियंत्रण को कोई रास्ता ही नहीं है। ईवीएम फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर है, जिसे दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह सुरक्षित है। चुनाव आयोग ने एलन मस्क के बयान के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व सपा सांसद अखिलेश यादव की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी भी अन्य डिवाइस से कनेक्ट नहीं रहता है। इस वक्त महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर की मामली वोटों से जीत के बाद उनके रिश्तेदार के खिलाफ मोबाइल मतगणना केंद्र पर पहुंचाने व संदिग्ध स्थिति में रखने के आरोप को लेकर केस दर्ज किया गया है, जिसकी महाराष्ट्र पुलिस जांच कर रही है। उसके बाद चुनाव आयोग भी जांच करेगा। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नवंबर में होना है, वहां इंटरनेट आधारित ईवीएम को लेकर बहस जारी है, अमेरिका में चुनाव बैलेट पेपर से होता है। उन्होंने अमेरिकी सरकार को मत पत्र से ही चुनाव कराने की सलाह दी है और इसी संदर्भ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से ईवीएम के हैक व कंट्रोल्ड करना संभव है, जैसा बयान दिया हो, उन्हें डर हो कि कहीं अमेरिका भारतीय ईवीएम के जरिये न चुनाव कराने का विचार करे। दूसरा कारण भी हो सकता है, पश्चिम ने कभी भी भारतीय तकनीक को दिल से नहीं स्वीकारा है। ईवीएम भारत में जेनरेटेड है, यह एक फुलप्रूफ तकनीक है, इसकी गुणवत्ता को पश्चिम के लिए स्वीकारना मुश्किल रहता है। ईवीएम पर एलन मस्क के बयान को इन दोनों ही संदर्भ में देखा जा सकता है। चिंता तब होती है, जब किसी पश्चिमी विदेशी के द्वारा भारतीय ज्ञान या उपलब्धि या व्यवस्था के खिलाफ अनर्गल आलाप किया जाता है तो हमारे देश के विपक्षी नेता बिना परीक्षण किए, उसके मकसद को समझे सुर में सुर मिलाने लगते हैं। राहुल गांधी व अखिलेश यादव को तथ्यात्मक रूप से सही बातें ही कहनी चाहिए। ईवीएम पर विवाद का अंत होना चाहिए, भारतीय को अपनी तकनीक पर भरोसा होना चाहिए।

# महंगाई-विकास में संतुलन की पहल



मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है।
भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। महंगाई पर केंद्रीय बैंक संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है।

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दे।

मौजूदा समय में महंगाई दर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। केयर एज रेटिंग के अनुसार कर्ज दर के नरम नहीं होने के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत के आसपास रही है और वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 14 से 14.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद ही सकारात्मक है। हालांकि, इसे अपवाद वाली स्थिति कहा जा सकता है। बहरहाल,कर्ज देने की रफ्तार में तेजी बनी रहने के कारण आर्थिक गतिविधियों और विकास दर दोनों में तेजी आ रही है। इसी वजह से भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने विकास अनुमान को 7.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 रही, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 6.1 प्रतिशत रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से 1.2 प्रतिशत अधिक है यानी रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत लगाया था। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार विनिर्माण और खनन के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन से आलोच्य अवधि में विकास दर तेज रही। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में माइनस 2.2 प्रतिशत रही थी। इसी प्रकार खनन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.9 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि विनिर्माण क्षेत्र रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खुदरा महंगाई अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है और अनुमान है कि गर्मियों में खुदरा महंगाई में बहुत ज्यादा नरमी नहीं आएगी। वैसे, सर्दी के मौसम में इसमें कुछ नरमी आ सकती है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का



अनुमान जताया है, लेकिन यह स्तर विकास के लिए निर्णायक निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है। मई महीने में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर 2.61 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि फरवरी 2023 में यह 3.85 रही थी। वहीं,अप्रैल 2024 में यह 1.26 प्रतिशत रही, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। मार्च 2024 में यह 0.53 रही और फरवरी महीने में 0.20 प्रतिशत। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 12 जून 2024 को खुदरा महंगाई का आंकड़ा जारी किया था, जिसके अनुसार मई महीने में खुदरा महंगाई 4.75 प्रतिशत रही, जो 12 महीने का निचला स्तर था। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी आई थी, लेकिन वह मई महीने से थोड़ी अधिक 4.83 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून 2023 में खुदरा महंगाई 4.81 प्रतिशत थी, जबकि जुलाई 2023 में यह 4.44 प्रतिशत रही थी।

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर या खरीदने की क्षमता से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपये का मूल्य सिर्फ 94 रुपये होगा, इसलिए महंगाई के स्तर के अनुरूप निवेशकों को निवेश करना चाहिए, अन्यथा उन्हें प्रतिफल कम मिलेगा। महंगाई का बढ़ना और घटना उत्पाद की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा उत्पाद खरीदेंगे और ज्यादा उत्पाद खरीदने से मांग बढ़ेगी और मांग के मुताबिक आपूर्ति नहीं होने पर उत्पादों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह, बाजार महंगाई के दुष्चक्र में फंस जाएगा। बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या उत्पाद की कमी महंगाई का कारण बनता है। वहीं,अगर मांग कम होगी और आपूर्ति ज्यादा होगी तो महंगाई कम होगी। ग्राहक खुदरा बाजार से सामान खरीदते हैं और बाजार में मौजूद उत्पादों की कीमत में हुए बदलाव को मापने का काम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) करता है। उत्पाद और सेवाओं के लिए जो औसत मूल्य चुकाया जाता है,सीपीआई उसी को मापता है।कच्चे तेल, उत्पादों की कीमतों, निर्माण की लागत के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जो खुदरा महंगाई दर को तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में लगभग 300 उत्पाद ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई दर तय होती है। इस तरह, किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है। फिर,उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है।

विगत कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। एचएसबीसी इंडिया का पीएमआई आंकड़ा मई 2024 में 57.5 पॉइंट रहा, जो अप्रैल महीने में 58.8 प्वाइंट रहा था, वहीं, कंपोजिट पीएमआई मई 2024 में 60.50 पॉइंट था, जो अप्रैल 2024 में 61.50 प्वाइंट रहा था। आंकड़ों से साफ आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। मंहगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है,ताकि आम आदमी को परेशानी भी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित रॉकफोर्ट उच्ची पिल्लयार कोइल मंदिर एक और ऐसा प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो पहाड़ी की चोटी पर विराजित है और हिन्दुओं के बीच काफी महत्वपूर्ण महत्व रखता है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

डॉ. मोनिका शर्मा



# प्रकृति संरक्षण की मुहिम

मरुस्थल बनती धरती पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। उजड़ती हरियाली से न केवल तपिश बढ़ रही है,बल्कि बढ़ते प्रदूषण ने भी जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में पेड़ लगाना और सहेजना ही धरती के रंग और इंसानों का जीवन बचा सकता है। हवा में घुलते जहर, बढ़ते तापमान और मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कटते वृक्षों से पैदा हो रहे पर्यावरण असंतुलन से मुकाबला करने का एकमात्र रास्ता अधिक से अधिक पेड़ लगाना ही है। हाल ही में देशवासियों से अपने ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरुआत की है। इस मुहिम का व्यावहारिक पक्ष यह है कि यह पेड़ लगाने की औपचारिकता पूरी करने भर से नहीं बल्कि रोपे गए पौधे को पोसने के भाव से भी जुड़ी है। हर साल बड़ी संख्या में वृक्षारोपण के बावजूद पालने-पोसने के प्रति गंभीरता न रखने के कारण बहुत से पौधे नष्ट हो जाते हैं। ऐसे में वृक्षारोपण अभियान के साथ भावनात्मक जुड़ाव का भाव होना पेड़ लगाने के बाद उसे बचाने में भी मददगार साबित होगा। इसी भाव को बल देने वाली मुहिम को लेकर प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा था कि 'मैंने प्रकृति मां की रक्षा करने और सतत जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। मैं आप सभी से यह आग्रह करता हूं कि आप भी हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान दें।' विचारणीय है कि वृक्षारोपण के सामूहिक प्रयास सदा से अहम रहे हैं पर वृक्षारोपण का सद्विचार ही काफी नहीं है। समस्या लगाए गए पेड़-पौधों की देखभाल के प्रति गंभीर न रहने की ज्यादा है। कभी रोपे गए पौधे सिंचाई के अभाव में या तो सूख जाते हैं तो कभी मवेशी खा जाते हैं। संबन्धित विभागों की लापरवाही के कारण बाकायदा अभियान चलाकर रोपे गए पेड़ भी सूख जाते हैं, जबकि वन क्षेत्रों में नहीं गांवों-शहरों में भी निर्माण कार्यों के कारण पेड़ों की कटाई निरंतर जारी है। एक ओर बढ़ती आबादी के कारण शहरी इलाकों में आवासीय क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है तो दूसरी ओर गांवों-कस्बों में भी जमीनी जीवनशैली में बदलाव आया है। ध्यातव्य है कि वन विभाग की ओर से हर वर्ष नर्सरी तैयार कर वन क्षेत्रों में पौधे रोपे जाते हैं, पर लक्ष्य से दोगुनी संख्या में पौधे रोपने बावजूद काटे जा रहे पेड़ों की तुलना में नए पेड़ कम ही लग पाते हैं, जिसके कारण वन क्षेत्र संरक्षित करना भी आसान नहीं है, पर भारत में वन हानि रोकने के प्रयास गंभीरता से किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अभियान जुड़कर लोग शहरी क्षेत्रों में बची खाली जगहों, उद्यानों और अपने घर के आंगन को हराभरा बनाकर प्रकृति संरक्षण में भागीदार बन सकते हैं। असल में प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के कारण खत्म हो रही हरियाली को पोसने के मोर्चे पर पौधरोपण संग निजी जुड़ाव और जवाबदेही का यह भाव वाकई सहायक सिद्ध हो सकता है। अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने को प्रेरित करने वाला यह अभियान वृक्षों को बचाने वाली व्यावहारिक और प्रेरणादायी पहल है। धरती माता के आंगन को हराभरा रखने वाली संवेदनासिक्त मुहिम है। समझना मुश्किल नहीं कि अपनी माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के रूप में वृक्ष रोपने वाला हर इंसान उसे सहेजने के भी पूरे प्रयास करेगा। यह मानवीय मन का बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि व्यक्तिगत जुड़ाव के बाद संरक्षण का भाव और प्रबल हो जाता है। यही जुड़ाव प्रकृति को संरक्षित करने वाले भाव-चाव का कभी ना डिगने वाला आधार बन सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
## दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।


# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
## प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### विवादों में नीट परीक्षा परिणाम

इस साल नीट परीक्षा विवादों में है। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार और नीट आयोजित करने वाली संस्था पर घोटाले और गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है। लोग सड़कों पर उतर कर नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं। अब इस पर भी सियासत होने लगी है। वहीं जिन बच्चों ने परीक्षा पास की है वो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है, तो सुप्रीम कोर्ट ने पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग को गलत बताया है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि सरकार छात्रों के साथ है और इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई भी होगी, लेकिन इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना गलत है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विषय में क्या कदम उठाती है ताकि भविष्य में छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और पढ़ाई से उनका ध्यान न भटके। *-विपिन नागरे, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय


भारत में हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणामों पर निराशा व्यक्त करते हुए एक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी ने शनिवार को कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय है न कि जीत का जश्न मनाने का। 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूएसए' द्वारा आयोजित विजय समारोह के दौरान डॉ. भरत बरई ने पार्टी के सदस्यों से कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने भारत में जो काम किया है उसके लिए उन्हें 400 सीट मिलनी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तो अब सवाल यह है कि क्या हमें आत्मचिंतन करने की कोशिश करनी चाहिए, यह देखने की कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हुआ?' उन्होंने कहा, 'अगर हम सिर्फ जश्न मनाते रहेंगे तो अगली बार यह सुनने को मिलेगा कि महाराष्ट्र से भाजपा बाहर हो चुकी है। इसलिए, हमारे लिए यह आत्ममंथन करना बेहद जरूरी है कि 400 सीट मिलने के बजाय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सिर्फ 292 सीट ही क्यों मिलीं? और पिछले चुनावों में जब भाजपा पूर्ण बहुमत में थी तो इस बार 240 सीट ही क्यों मिलीं?' डॉ. बरई ने कहा, 'इसलिए हमें अब बधाई देने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और इससे हमें यह रणनीति बनाने में मदद मिलेगी कि अगली बार हमें किस तरह के कदम उठाने चाहिए।'



## ऑफ बीट

# मीठे पानी के स्त्रोत कर रहे संकट का सामना

मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र प्राकृतिक दुनिया की जीवनरेखा हैं, फिर भी वह संकट का सामना कर रहा है। रिपोर्ट से पता चला है कि 1970 के बाद से वैश्विक मीठे पानी की कशेरुकी आबादी में 83 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है, जो किसी भी अन्य आवास की तुलना में कहीं अधिक है। मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र पृथ्वी के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का एक उपसमूह हैं। इनमें झीलें, तालाब, नदियां, धाराएं, झरने, दलदल और आर्द्रभूमि शामिल हैं। उनकी तुलना समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियों से की जा सकती है, जिनमें नमक की मात्रा अधिक होती है। मीठे पानी के आवासों को तापमान, पोषक तत्वों और वनस्पति सहित विभिन्न कारकों द्वारा वर्गीकृत किया जा सकता है। प्रकृति के क्षरण का स्तर चिंताजनक है, लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र जटिल है। साथ ही मानवीय गतिविधियों के प्रभाव भी जटिल हैं। हमारे शोध से पता चलता है कि पर्यावरणीय डीएनए (ईडीएनए) का विश्लेषण करके मीठे पानी की धाराओं, नदियों और झीलों के भीतर छिपे रहस्यों को उजागर किया जा सकता है। इससे इन महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी प्रणालियों की अधिक कुशल निगरानी की उम्मीद जगती है। मछलियां और पक्षी आमतौर पर सुर्खियों में रहते हैं। उन पर दशकों से निगरानी रखी जा रही है।



## ट्रेंड

### स्वास्थ्य संकट पर चिंतित



वेस्ट बैंक, कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में डब्ल्यूएचओ वहां के बढ़ते स्वास्थ्य संकट के बारे में चिंतित है, जहां स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर हमले और आंदोलन पर बढ़ते प्रतिबंध स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में बाधा डाल रहे हैं।
-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### ट्रैक पर रहना होगा



यदि आप सचेत हैं कि आप नश्वर हैं, तो कुछ भी मूर्खतापूर्ण करने का समय नहीं है। आपको ट्रैक पर रहना होगा। आध्यात्मिक पथ का सबसे बुनियादी पहलू अपने आप से सौ प्रतिशत सीधा होना है।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### नागरिकता का मार्ग मिला



आज से बारह साल पहले, मेरे प्रशासन ने डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम या डीएसीए की घोषणा की थी, जिससे बिना दस्तावेज वाले आप्रवासियों को, जिन्हें बचपन में इस देश में लाया गया था, नागरिकता का मार्ग मिल गया।
-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### फिर भी बहुत अधिक



हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ख़त्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है।
-एलन मस्क, उद्योगपति

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid


Front Grille Garnish
**Opulent Red**


Head Lamp Garnish



Rear Upper Spoiler Extender
**Black + Red**

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

## BENEFITS UP TO ₹25 000^

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALERS: RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620001, 6262000768), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774, 9111107268), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160, 9111107011). **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824, 9098122136). **DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302). **JAGDALPUR: NEXA ECNA** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Scan to know more.

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

^Benefits up to ₹25 000 + Velocity Kit worth ₹43 000. Given offers include Exchange bonus and Corporate or Rural offers as applicable on selected variants. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. All offers are applicable till 30th June 2024. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

## जैकेट के शेष

### दो बच्चों की ....

आयोजित इस समारोह में दो बच्चों की मां शादी के मंडल में पाई गई। यही नहीं एंजेट के रूप में कार्य कर रही महिला ने संस्थान के नाम से पंजीयन कराने करीब 50 लोगों से दो-दो हजार रूपए की भी वसूली की है। संस्थान ने महिला की लिखित शिकायत मोहन नगर थाने में कर दी है। वहीं, संस्थान ने विवाह के बाद जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों भी रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि आस्था बहुद्देशीय कल्याण संस्थान ने सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया था। इसमें प्रदेशभर से जोड़े पहुंचे थे। संस्थान का उद्देश्य कल्याण ही था लेकिन कुछ लोगों ने निजी हित में अफवाह फैला दी कि हर जोड़े को विवाद के बाद एक लाख रुपए दिए जाएंगे। हल्ला मचने के बाद छत्तीसगढ़ ही नहीं, आसपास के राज्यों से ही बड़ी संख्या में लोग बसों और ट्रेन में बैठकर दुर्ग पहुंचे। इसी बीच हरिभूमि को सूत्रों ने बताया कि इस समारोह में बहुत सारे जोड़े ऐसे हैं जो पहले से शादीशुदा हैं लेकिन पैसे के लालच में वे विवाह करने दुर्ग जा रहे हैं। टीम हरिभूमि और आईएनएच ने इसकी जांच की। जांच में इसकी पुष्टि हुई। खबर प्रकाशित होने के बाद संस्थान ने अपने स्तर पर जांच कराई। संस्थान के संरक्षक रामफल ने बताया कि, विवाह से पहले करीब अठारह लोगों के नाम सामने आए थे, जिसमें से नाबालिक और कुछ विवाह हो चुके लोग भी पहुंचे थे। ऐसी जानकारी मिलने के बाद उनका नाम हटा दिए गए हैं। वही एक महिला जो दो बच्चों की मां जिनका नाम बीना धनेन्द्र सेक्टर टू निवासी बताया गया, इन पर 50 जोडों से दो-दो हजार लेने का आरोप लगाया गया। जिसकी शिकायत संस्थान ने थाने में की है। थाना प्रभारी का कहना हैं कि, महिला की शिकायत मिली है। जिस पर जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

**हवन का धुंआ उठा और महिला गायब** : दो बच्चों की मां बीना धनेंद्र पर पंजीयन के नाम पर राशि लिए जाने का आरोप लगने के बाद वे मंडल से गायब हो गई। इसके पहले हवन कुंड से धुंआ उठा, ऐसी आशंका है कि इसी का फायदा उठाकर महिला गायब हो गई। मोहननगर थाना प्रभारी का कहना है कि, शिकायत मिली है, जिसके आधार पर जांच की जाएगी। इधर सेक्टर टू की दो हितग्राहियों ने बताया कि बीना धनेन्द्र ने उनसे पैसे लिए। लेकिन कार्यक्रम में उन्हें विवाह में शामिल नही किया गया। जबकि दो बच्चे की मां होने के बाद भी वो खुद ही मंडप में बैठ

### जनता सीधे चुनेगी ....

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मंथन किया गया। एक-एक विधायक से उनकी मंशा पूछी गई कि वे महापौर और अध्यक्ष के चुनाव को लेकर क्या सोचते हैं। ज्यादातर विधायकों ने प्रत्यक्ष चुनाव को लेकर सहमति जताई। इसके बाद फैसला किया गया कि इस बार महापौर और अध्यक्ष के चुनाव प्रत्यक्ष कराने की दिशा में प्रदेश सरकार काम करेगी। विधायक दल की बैठक में जहां पर चुनाव में भाजपा को हार मिली है, वहां पर अभी से फोकस करने के लिए भी कहा गया।

### भाजपा का सेवा ....

सबको प्राप्त हुआ। श्री देव ने बताया, 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सबकी सहभागिता सुनिश्चित होगी और संगठन की दृष्टि से भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इन कार्यक्रमों के लिए सभी को जिम्मेदारी दी जाएगी। 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम संगठन स्तर पर और साथ ही साथ सरकार के स्तर पर भी करने की योजना बनाई गई है। योग दिवस कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रशासनिक स्तर पर मनाया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर पर मनाएगी। इसके लिए कार्ययोजना सुनिश्चित हो गई है और लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई है। श्री देव ने कहा, यह बहुत ही ऐतिहासिक क्षण है, लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 10 में विजयश्री प्राप्त की है और छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर फिर से भरोसा किया है। भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है। एक निश्चित कार्ययोजना बनाकर बूथ, मंडल, जिले समेत सभी कार्यकर्ताओं ने समन्वय बनाकर कार्य किया है। बैठकों में सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, संतोष पांडेय, रूपकुमारी चौधरी, राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, चिंतामणि महाराज, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, दयालदास बघेल, क्लस्टर प्रभारी एवं विधायक अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा, जगदीश रामू रोहरा, रामजी भारती सहित सभी विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गर्मी का प्रकोप, अब ....

जून से खुलेंगे। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ में गर्मी और हीटवेव के कारण ये फैसला लिया गया है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में गर्मी अपने पीक पर है। ज्यादातर लोग गर्म होते मौसम से परेशान हैं। लू और धूप से आम लोगों को दिक्कत हो रही है। बच्चों को गर्मी में होने वाली परेशानी को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। अभिभावकों में भी बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। बड़ी संख्या में अभिभावकों के निवेदन आ रहे थे। जिसके चलते सरकार ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को 25 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### भेजे गए संदेश ...

की घोषणा के बाद पालकों को देर रात तक संदेश भेजकर इसकी सूचना दी गई। गौरतलब है कि अप्रैल माह में भी गर्मी के कारण स्कूल तय समय से पूर्व ही बंद कर दिए गए थे। इसके अतिरिक्त स्कूलों में संचालित समर कैंप को भी निर्धारित तिथि के पूर्व ही बंद कर दिया गया था।

### आगे बढ़ रहा मानसून, ...

आईएमडी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ओडिशा में 18 और 19 जून को अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। अन्य स्थानों में आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

### ट्रेन में चढ़ते ....

दौरान उसका हाथ फिसला और वह प्लेटफार्म पर घसीटने लगा। वह प्लेटफार्म से पटरी की तरफ गिरता। इससे पहले ही आरपीएफ का एक जवान तेजी से उसकी तरफ भागा, और उसे खींच लिया। इससे यात्री की जान बच गई। यात्री परमेंद्र पांडे पिता एनएन पांडे निवासी शुभम विहार, बिलासपुर का बताया गया है। आरपीएफ के मुताबिक गाड़ी संख्या 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस में भिलाई पॉवर हाउस रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर गाड़ी में चढ़ते समय हाथ फिसल जाने से गिरने लगा था।

### सलमान के घर ....

अपलोड किया था। इसमें उसने कहा था, लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और गिरोह के अन्य सदस्य मेरे साथ हैं। मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं क्योंकि उसने अभी तक माफी नहीं मांगी है। आरोपी ने राजस्थान में एक राजमार्ग पर वीडियो बनाया और उसे अपने चैनल पर अपलोड कर दिया।


### किताब से हटा ...

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। यहां पीटीआई मुख्यालय में एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने शनिवार को कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

हवा की गति 80 मील प्रति घंटा तक पहुंची, मची अफरा-तफरी

# न्यू जर्सी में बवंडर ने मचाई तबाही, कई जगह भूस्खलन, कारें पलटीं-पेड़ उखड़े

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन




न्यू जर्सी में भारी बारिश और हवाओं के साथ भीषण तूफान आया। वहीं, मर्सर काउंटी में भूस्खलन के बाद आए बवंडर ने भारी तबाही मचाई है। बवंडर की वजह से कई पेड़ टूट गए हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, लॉरेंस टाउनशिप में कोनोको गैस स्टेशन के पास 80 मील प्रति घंटे की गति से बवंडर आया। बवंडर की वजह से पेड़ टूट गए, जिनमें से एक पेट्रोल स्टेशन पर जा गिरा। वहीं एक डाकघर की पार्किंग में खड़ी कई कारें पलट गईं। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि बवंडर शाम पांच बजकर 59 मिनट से छह बजे के बीच आया। यह करीब 210 मीटर तक फैला और अधिकतम चौड़ाई 55 मीटर थी।

#### बवंडर के लिए जिम्मेदार बना चक्र

अधिकारियों के अनुसार, बवंडर के लिए जिम्मेदार चक्र, पेंसिल्वेनिया के बक्स काउंटी में तूफानों के कारण चली हवाओं और पूर्व दिशा से आने वाली समुद्री हवा के टकराव के कारण उत्पन्न हुआ था। मौसम की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जहां अगले सप्ताह के लिए हीटवेव का अनुमान लगाया गया था।

#### क्या है भूस्खलन बवंडर ?

भूस्खलन बवंडर थोड़े अलग होते हैं। वह ऊपर से घूमते हुए गरज के साथ विकसित होने के बजाय जमीन से ऊपर की ओर बनते हैं। उनका छोटा आकार और मानक रडार रेंज से नीचे की संरचना के कारण अक्सर उनका पूर्वानुमान लगाना और उनका पता लगाना कठिन हो जाता है।




योग दिवस से पहले भारत समेत दुनियाभर में योग पर कार्यक्रम हो रहे हैं

# 128 साल के पद्मश्री स्वामी शिवानंद ने किया योग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

21 जून को दुनियाभर में योग दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जगह-जगह योग से जुड़े इवेंट्स हो रहे हैं। मुंबई में भी एक इवेंट हुआ जहां हिंदी सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर सुभाष घई भी शामिल हुए। डायरेक्टर के सामने दुनिया के सबसे बुजुर्ग योग गुरु ने एक्सरसाइज की है। पांच दिन बाद अंतराष्ट्रीय योग दिवस है। मलाइका अरोड़ा से लेकर शिल्पा शेट्टी तक हिंदी सिनेमा से जुड़े कई सितारे नियमित योग करते हैं और इसके जरिए खुद को फिट भी रखते हैं।

योग दिवस नजदीक आ रहा है तो भारत समेत दुनियाभर में इवेंट्स रखे जा रहे हैं। एक्स पर योग डे इवेंट का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 128 साल के स्वामी शिवानंद योग करते हुए नजर आ रहे हैं। पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु इवेंट में कुछ योग आसन कर रहे हैं।



#### योग गुरु के मुरीद हुए सुभाष घई

सुभाष घई ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इवेंट से एक फोटो शेयर की है और अनुभव शेयर किया है। वे दुनिया के सबसे बुजुर्ग शख्स स्वामी शिवानंद को सम्मानित करते हुए एक फोटो शेयर की। घई ने कैप्शन में लिखा, योग के कारण एक व्यक्ति 128 सालों से अधिक एक्टिव रह सकता है। शिलोका योग फाउंडेशन द्वारा आयोजित योग बड़ा अनुभव रहा। कार्यक्रम में काशी से 128 साल के स्वामी शिवानंद से पहली बार मिलना अद्भुत अनुभव था। वे अपने अनुशासन और इच्छाओं के साथ इतने एक्टिव हैं कि वह आपको हैरान कर देते हैं और आपको आसान आदतों और डेली योग के साथ लंबे समय तक स्वस्थ और खुश रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

डेंटिस्ट बोर्ड ने परिषदों को दिया निर्देश

# इन 'नीम हकीमों' को बंद करने का आदेश दें, कानूनी कार्रवाई भी करें

बिना डिग्री जान खतरे में डाल रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में अब फर्जी डेंटिस्ट्स पर शिकंजा कसने वाला है। बढ़ती शिकायतों के बाद डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया आवश्यक चिकित्सा योग्यता के बिना डेंटिस्ट्स के रूप में काम करने वाले व्यक्तियों और ऐसे लोगों को रोजगार देने वाले क्लीनिकों पर शिकंजा कसने की योजना बना रही है। देश में डीसीआई के साथ रजिस्टर्ड 270,000 डेंटिस्ट्स हैं और ये संख्या दुनिया में सबसे अधिक है।

#### कार्रवाई की रिपोर्ट भी पेश करें

डेंटिस्ट बोर्ड ने स्टेट डेंटिस्ट परिषदों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी व्यक्ति या व्यवसाय के खिलाफ डेंटिस्ट एक्ट का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करें और तुरंत काम बंद करने के आदेश जारी करें। नियामक ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे बिना लाइसेंस वाले चिकित्सकों से डेंटिस्ट प्रक्रिया कराने से जुड़े खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाएं। यह भी अनिवार्य किया गया है कि की गई कार्रवाई और प्राप्त परिणामों की पूरी रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर दी जाए। अप्रशिक्षित और अपंजीकृत कर्मियों का उपयोग करना डीसीआई के मान्यता प्राप्त उल्लंघनों में से एक है।

#### बिना पंजीकृत कर रहे ट्रीटमेंट

डीसीआई नडेंटिस्ट परिषदों को सूचित किया कि उसने देखा है कि कुछ क्लीनिक मरीजों के घरों पर उपचार, दांतों की स्कैनिंग और एलाइनर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डीसीआई के आदेश में कहा गया है कि कथित तौर पर ये सेवाएं उन व्यक्तियों द्वारा की जा रही हैं जो संबंधित राज्य डेंटिस्ट परिषदों के साथ डेंटिस्ट के रूप में रजिस्टर्ड नहीं हैं।

## पेज एक के शेष

### नक्सलियों की कथित...

को रवाना किया गया था। यह मुठभेड़ नक्सली पीएलजीए मिलिट्री कम्पनी नम्बर एक व माड़ डिविजन सप्लाई टीम के साथ हुई जिसमें सुरक्षाबलों ने 8 हथियारबंद और वर्दीधारी माओवादी को ढेर करने में सफल रही। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में तीन डीवीसीएम व तीन पीपीसीएम पीपीसीएम माड़ डिविजन पीएलजीए कंपनी नम्बर एक के नक्सली है। वहीं दो अन्य का शिनाख्त का प्रयास जारी है। आईजी ने बताया कि यह अभियान नक्सलियों की राजधानी कहे जाने वाले माड़ डिवीजन के कुतुल एरिया कमेटी क्षेत्र में कोडमरका फरसबेड़ा के जंगलों में चलाया गया था। इस संयुक्त अभियान में नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाडा, कांकेर जिलों के एलिट फोर्सेस डीआरजी एवं एसटीएफ के साथ 53 बटालियिन आईटीबीपी व बीएसएफ 135 बटालियन का बल शामिल था। वर्ष 2024 में अब तक बस्तर संभाग के अंतर्गत हुए विभिन्न मुठभेड़ो के दौरान कुल 131 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। सर्वाधिक जिला बीजापुर में 51, कांकेर में 34 एवं नारायणपुर जिले में 26 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। नारायणपुर में हुए पत्रवार्ता में आईजी के अलावा डीआईजी कांकेर कन्हैयालाल ध्रुव, डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार, एसपी दंतेवाड़ा गौरव रॉय, एएसपी रोबिनसन गुड़िया, एसपी एसटीएफ विजय पांडेय के अलावा एसटीएफ, आईटीबीपी व बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**महिला कमांडो की भी रही विशेष भूमिका** : आईजी ने बताया कि कुतुल एरिया में पांच दिन तक माड़ बचाओ अभियान चलाया गया, जिसमें माओवादियों के शव के अलावा मौके से इंसास रायफल, 303 रायफल, 315 बोर रायफल के अलावा बीजीएल लांचर समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामान व अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया गया है। इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में अन्य नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने की भी संभावना है। इस अभियान की सफलता में महिला कमांडो की भी अहम भूमिका रही, जिन्हे आपरेशन में शामिल किया गया था। पिछले एक सप्ताह के भीतर दूसरी व 45 दिन के भीतर नारायणपुर पुलिस के नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान को चौथी बड़ी सफलता मिली है। इससे पूर्व कोडतामरका से पहले उत्तरी माड़ में काकुर, दक्षिणी माड़ में रेखावाया एवं पूर्वी माड़ क्षेत्र में ईरपनार व भट्बेड़ा में फोर्स को बड़ी सफलता मिल चुकी है।

### मारे गए नक्सलियों...

अन्य एसटीएफ आरक्षक लेखराम नेताम 28 वर्ष निवासी जिला धमतरी व एसटीएफ आरक्षक कैलाश नेताम 33 वर्ष निवासी जिला कोण्डागांव घायल हो गए थे, जिन्हें रायपुर एयरलिफ्ट कराकर इलाज कराया जा रहा है और वर्तमान में घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है।

### नक्सल मुठभेड़ में घायल...

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों से मिलने रामकृष्ण केयर अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घायल जवानों से उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री उनसे जब घटना की जानकारी ले रहे थे, तब एसटीएफ के घायल जवान कैलाश नेताम ने कहा, ठीक होते ही और मारूंगा। यह सुनते ही मुख्यमंत्री गर्व से भर गए। उन्होंने कहा, मां भारती के इन वीर जवानों से हमें हौसला मिलता है। घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा है, जिन्होंने कभी देश को झुकने नहीं दिया। एसटीएफ के एक अन्य घायल जवान लेखराम नेताम के ऑपरेशन थियेटर में होने के कारण मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात नहीं कर पाए, लेकिन डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने बीते दिनों बीजापुर में नक्सली हमले में घायल एक अन्य डीआरजी के जवान लच्छू कढ़ती से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने जवानों की हौसला-अफजाई करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के लिए निर्देश भी दिए। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा मौजूद रहे।

### आतंकियों पर कसेगा...

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को हुई एक बैठक में शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिशों, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी दी गई थी।

### कब्र से गायब अंगों...

हाथ और खोपड़ी की तलाश में एक्सरसाइज करते रही, लेकिन गायब हुए हाथ और खोपड़ी नहीं मिले। इस मामले में ग्रामीणों में गुस्सा भी बढ़ते जा है। एसडीएम अर्पिता पाठक, डीएसपी नेहा सिन्हा छुरा थाना प्रभारी और फिंगेश्वर थाना प्रभारी पुलिस स्टाफ के साथ रविवार को ग्राम पसौद पहुंचे हुए थे। जानकारी के मुताबिक पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी ने बताया कि कब्र से गायब रोशनी साहू की हाथ और खोपड़ी को कब्र से थोड़ी दूर खेत में फेंक दिए हैं। आरोपियों के बताए अनुसार पुलिस दूसरे दिन भी आसपास के खेत में हाथ और खोपड़ी ढूंढते रही।

**मौके पर मिला पूजा-पाठ का सामान** : ग्रामीणों के बताए अनुसार इस खोजबीन में हाथ के एक उंगली और मुर्गी पंख के अलावा मौके पर पूजा पाठ के सामान मिले हैं। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में अभी कुछ भी कहने से इंकार किया है। पसौद गांव के करीब 150 लोग पुलिस के आगे पीछे 5 किमी दूर ग्राम पाली तक साथ चलते हुए मामले की सघन जांच करने दबाव बनाते रहे। जनपद सदस्य प्रतिनिधि दिलीप साहू एवं ग्रामीणों ने पुलिस से इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांच करने मांग किया है। जिस पर एसडीएम राजिम अर्पिता पाठक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जांच में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

### हिरासत में आरोपी, हो....

आरोपी कोमल साहू उर्फ लाला साहू, कंगलू ध्रुव एवं गैंदराम कमार के खिलाफ अपराध क्रमांक 198 के तहत भादवि की धारा 297,201,34 के तहत अपराध पंजी बद्ध किया गया है। पुलिस उसके बाद घटना स्थल से आवश्यक कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को थाना ले आए हैं।

### हाथियों की निगरानी...

पिछले 2 सालों से मिले डाटा के आधार पर किया गया है। इस ऐप के जरिए ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में हाथी की उपस्थिति की एकदम सटीक जानकरी मिल सकेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ सहित इसके आसपास के राज्यों के 1 हजार किलोमीटर की परिधि में आने वाले वन कर्मियों को भी हाथी की लोकेशन और उनके विचरण की जानकारी मिल सकेगी।

**हाथी-बॉट से अर्ली वार्निंग अलर्ट भेजे जाएंगे** : उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के ग्रामीणों को 2 दिन पहले से हाथी का सटीक अलर्ट मिल सकेगा।

केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने किया विपक्ष के आरोपों का खंडन

# 'सबसे चर्चा के बाद ही लागू किए गए हैं नए आपराधिक कानून'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार विमर्श नहीं किया गया। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे। मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नये कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को 'आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग' कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा, "समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे।" मेघवाल ने कहा, "कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है और यह प्रक्रिया बहुत पहले शुरू हो गई थी।"



#### सभी राज्यों से मांगे गए थे सुझाव

मंत्री ने बताया कि सभी राज्यों से सुझाव मांगे गए थे, लेकिन केवल 18 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों ने ही जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''भारत के प्रधान न्यायाधीश, 16 उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों, पांच विधि अकादमियों और 22 विधि विश्वविद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए।'' मेघवाल ने कहा, "हमने सभी सांसदों से संपर्क किया, लेकिन दोनों सदनों के केवल 142 सदस्यों ने ही जवाब दिया। देश भर के सभी विधायकों से भी सुझाव मांगे गए, लेकिन केवल 270 ने ही जवाब दिया। हमने व्यापक रूप से परामर्श किया, लेकिन सभी ने जवाब नहीं दिया।" उन्होंने कहा, "ये कानून चार वर्षों के गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए। कोई परामर्श नहीं किए जाने के दावे झूठे हैं। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 58 बैठक हुईं और अच्छी तरह विचार विमर्श किया गया।"

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5544



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5543 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5555

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5554 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# गंगा दशहरा उत्सव आस्था की डुबकी

*हर साल की तरह इस साल भी गंगा दशहरा के अवसर पर देश भर में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। हरिद्वार, वाराणसी, पटना सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने पवित्र स्नान कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। हरिद्वार में हर की पौड़ी घाट पर श्रद्धालु एकत्र हुए। इस दौरान, पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के सुकबाजार में रविवार को गंगा दशहरा पर देवी मनशा की मूर्तियों को लेकर धार्मिक जुलूस भी निकाला गया।*


वाराणसी


वाराणसी


हरिद्वार


बीरभूम

## खबर संक्षेप

### नीट का बचाव नहीं करे केंद्र : स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को कहा कि योग्यता के पैमाने के रूप में पेश की जा रही राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा घोटाला है और केंद्र को इस राष्ट्रीय परीक्षा का बचाव करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि यह छात्रों के हितों, सामाजिक न्याय तथा गरीबों के भी खिलाफ है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम के अध्यक्ष स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नीट को लेकर जारी विवाद स्पष्ट रूप से इसकी मूल असमान प्रकृति को उजागर करते हैं।

### इजराइल ने की गाजा में सामरिक विराम की घोषणा



**यरुशलम।** इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी में अधिक से अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए संघर्ष के दौरान सामरिक विराम की घोषणा की। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक 'सामरिक विराम' रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रभावी रहेगा। इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है।

### भारत के साथ 'भूमि संपर्क' चर्चा अंतिम चरण में



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा। दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

### अमेरिका के डेट्रॉयट उपनगर में गोलीबारी नौ लोग घायल

**रोचेस्टर हिल्स।** अमेरिका में मिशिगन के डेट्रॉयट शहर में शनिवार को एक 'स्प्लैश पैड' (मनोरंजन पार्क) में गोलीबारी की घटना में दो बच्चों और उनकी मां समेत नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से एक बच्चे की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना को अंजाम देने के बाद संदिग्ध एक घर में छिप गया, जिसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घर को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध ने आत्महत्या कर ली।

## मचा सियासी घमासान, चुनाव आयोग ने दी सफाई

# महाराष्ट्र में ईवीएम हुई हैक! शिंदे गुट के सांसद के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर एक बार फिर से विवाद खड़ा हो गया है। मुंबई पुलिस के शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद एक बार फिर ईवीएम की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में आ गई है। इस पर विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग और सरकार पर निशाना साधा है। साथ ही ईवीएम के मुद्दे पर टेस्ला के मालिक एलन मस्क और पूर्व केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर आमने-सामने आ गए हैं। इस मुद्दे को बढ़ता देख भारतीय चुनाव आयोग मुंबई मामले को लेकर शाम साढ़े चार बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का भी ऐलान किया है।

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में ईवीएम हैकिंग के आरोप को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। महाराष्ट्र में आरोप लगे हैं कि ईवीएम को मोबाइल फोन से कनेक्ट किया गया था. महाराष्ट्र में चुनाव आयोग की रिटर्निंग ऑफिसर वंदना सूर्यवंशी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई OTP नही लगता है। ईवीएम स्टैंडअलोन सिस्टम है।




**खास बातें**

- चुनाव सेंटर के अंदर पाबंदी के बावजूद मोबाइल का हुआ इस्तेमाल
- आरोप : चुनाव आयोग अधिकारी का मोबाइल मतगणना के दौरान जनरेट कर रहा था ओटीपी

### यह है मामला

दरअसल, मुंबई पुलिस ने रविवार को शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के साले के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने ये एफआईआर लोकसभा चुनाव की मतगणना वाले दिन गोरेगांव चुनाव सेंटर के अंदर पाबंदी होने के बावजूद मोबाइल का इस्तेमाल करने के आरोप में दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस ने मंगेश पांडिलकर को मोबाइल देने के आरोप में चुनाव आयोग ने एक कर्मचारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग के अधिकारी गौरव के पास मोबाइल फोन था जो मतगणना के दौरान ओटीपी जनरेट करता है। ये फोन पांडिलकर इस्तेमाल कर रहे थे. पुलिस को शक है कि फोन का इस्तेमाल सुबह से शाम साढ़े चार बजे तक किया गया है। इसी दौरान दोनों उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर चल रही थी. ईसीआई के पास सभी सीसीटीवी फुटेज हैं जो अब मुंबई पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

### मस्क पर चंद्रशेखर का पलटवार

अमेरिकी चुनावों में ईवीएम को लेकर सवाल उठा था। इस दौरान, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक पोस्ट में कहा कि हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। इस पर भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पलटवार करते हुए कहा कि मस्क की बातें अमेरिका और अन्य जगहों पर सही साबित हो सकती हैं, जहां इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूटर प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होता है। लेकिन भारतीय ईवीएम कस्टम डिजाइन, सुरक्षित और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं।

### राहुल-अखिलेश का निशाना

इस घटना पर रिएक्शन देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल पर पर ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत में ईवीएम एक "ब्लैक बॉक्स" हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी इस घटना पर पोस्ट करते हुए कहा, दुनिया के जाने-माने टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की ज़िद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ़ करें.आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को हम फिर दोहराते हैं।

# रूस ने इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के कब्जे से छुड़ा लिए बंधक

एजेंसी ▶▶| मॉस्को



एक को भी खरोंच नहीं, 6 आतंकी ढेर

रूसी सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोलकर दो जेल कर्मियों को आजाद करा लिया। रूसी बलों ने कार्रवाई के दौरान जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह से जुड़े छह कैदियों को मार गिराया। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आतंकियों ने दो जेल गार्ड को बंधक बना लिया था। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

### आतंकी बाहर निकलने की कर रहे थे मांग

अधिकारियों से बातचीत में कैदियों ने बाहर निकलने की मांग की, लेकिन रूसी सुरक्षा बलों ने इसे स्वीकार करने की जगह जेल पर धावा बोलने का फैसला किया। रूस की संघीय दंड सेवा ने एक बयान में कहा कि बंधकों को मुक्त कराने के लिए 'विशेष अभियान' चलाया गया जिसमें 'अपराधियों को मार गिराया गया है।' जेल सेवा ने कहा कि 'बंधक बनाए गए कर्मचारियों को रिहा कर दिया गया है। वे घायल नहीं हैं।'

**स्विट्जरलैंड की वैश्विक वार्ता में 80 देशों ने कहा**

# यूक्रेन की 'क्षेत्रीय अखंडता' हो शांति समझौते का आधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की ''क्षेत्रीय अखंडता'' हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। गौरतलब है, यूक्रेन में शांति के लिए रोडमैप पर चर्चा के लिए विश्व के नेता स्विट्जरलैंड में एकत्रित हुए हैं। रूस की अनुपस्थिति के कारण वास्तविक सफलता की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। कीव अपनी मांग पर अड़ा हुआ है कि रूस यूक्रेनी क्षेत्र को छोड़ दे, जिस पर उसने कब्जा कर लिया है, जबकि मास्को अपने आक्रामक अभियान को जारी रखे हुए है और पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। रूस ने शर्त रखी है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता छोड़े। भारत ने इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के तौर पर विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी को भेजा है। भारत के अलावा ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका ने भी अपने अधिकारी भेजे हैं।

- भारत ने इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के तौर पर विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी को भेजा है

### किसी भी संयुक्त घोषणापत्र में शामिल नहीं होगा भारत

स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न शहर में बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में यूक्रेन विवाद पर आयोजित किए गए शांति सम्मेलन के समापन पर भारत ने शनिवार को यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस आयोजन के अंत में जारी किए जाने वाले किसी भी संयुक्त घोषणापत्र और दस्तावेज में शामिल नहीं होगा। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने कहा कि भारत का मानना है कि केवल वे विकल्प ही स्थायी शांति की ओर ले जा सकते हैं। जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हों। यूक्रेन विवाद को लेकर हम वैश्विक चिंताओं से अवगत हैं और इस समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए किसी भी साझा इच्छा का समर्थन करते हैं।

## आप ने भाजपा पर लगाए आरोप

# दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर में तोड़फोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में आप सरकार में मंत्री आतिशी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर में बीजेपी ने तोड़-फोड़ की है। उनका कहना है कि साउथ दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधुड़ी भाजपा के गुंडों को लेकर छतरपुर के दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर पहुंचे, इन्होंने वहां जमकर तोड़-फोड़ की। हमने इसका वीडियो दिल्ली पुलिस को दे दिया है। अब देखना ये है कि क्या एलजी के अधीन आती दिल्ली पुलिस भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर करेगी?

### तोड़फोड़ का वीडियो भी आया सामने

बता दें कि, दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर का वीडियो भी सामने आया है। जल संकट के बीच लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और दिल्ली जलबोर्ड के दफ्तर में तोड़फोड़ हुई। प्रदर्शनकारी लोगों ने जल बोर्ड ऑफिस पर पथराव किया। पुलिस की मौजूदगी में ये सबकुछ हुआ। बता दें कि दिल्ली में पानी के संकट को लेकर सियासत तेज है और आप सरकार बीजेपी और कांग्रेस के निशाने पर है।

## जदयू ने उठाई आपत्ति, इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

# विपक्ष भी उतारेगा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष कौन होगा? यह सवाल सबकी जुबान पर है। इधर, कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि विपक्षी पार्टी भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकता है। हालांकि, विपक्षी पार्टियों का कहना है कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें डिप्टी स्पीकर का पद देता है तो वे स्पीकर के चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। विपक्ष की इस मांग पर जदयू ने आपत्ति जताई है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रवक्ता केसी त्यागी ने इंडी गठबंधन की आलोचना की है।

लोकसभा स्पीकर के चुनाव पर त्यागी ने कहा, 'लोकसभा स्पीकर का पद सदन का सबसे गरिमापूर्ण पद होता है। उस पद पर पहला अधिकार सत्तारूढ़ दल का है। इंडी गठबंधन की मांगें और बयान आपत्तिजनक हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हम मानते हैं कि भाजपा एनडीए की बड़ी पार्टी है। उस पद पर भाजपा या एनडीए का पहला अधिकार है। मैं पिछले 35 सालों से एनडीए में हूं। भाजपा ने कभी जनता दल को तोड़ने की कोशिश नहीं की। टीडीपी और जदयू ने अहम भूमिका निभाई है। मगर हम एनडीए को कमजोर करने की कोशिश कभी नहीं करेंगे।'



### इस दिन होगा स्पीकर पद के लिए चुनाव

बता दें कि लोकसभा स्पीकर के लिए 26 जून को चुनाव होना है। मगर सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। इसको लेकर लोकसभा की तरफ से जारी एक बुलेटिन भी जारी किया गया है।18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र तीन जुलाई को खत्म होगा।

## युद्धाभ्यास रेड फ्लैग 2024 में शामिल हुआ दल

# भारतीय वायुसेना ने अमेरिका के अलास्का में दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के एक दल ने अमेरिका के अलास्का में आयोजित हुए युद्धाभ्यास रेड फ्लैग 2024 में शिरकत की। यह युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का के इलसन एयर फोर्स बेस पर आयोजित किया गया। यह युद्धाभ्यास 4 जून से 14 जून तक आयोजित हुआ, जिसमें अमेरिका के साथ ही भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी की वायुसेनाएं शामिल हुईं।




### चार बार आयोजित होता है रेड फ्लैग युद्धाभ्यास

रेड फ्लैग 2024 का यह दूसरा संस्करण था। रेड फ्लैग युद्धाभ्यास एक एडवांस कॉम्बैट ट्रेनिंग एक्सरसाइज है। यह युद्धाभ्यास साल में चार बार आयोजित होता है। भारतीय वायुसेना के दल में राफेल फाइटर जेट और एयर क्रू के साथ ही तकनीशियन, इंजीनियर, कंट्रोलर और विषयों के विशेषज्ञ शामिल रहे। युद्धाभ्यास में शामिल होने के लिए आते वक्त राफेल फाइटर जेट को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर की मदद से हवा में ही ईंधन भरा गया। वहीं दल के सदस्यों को लाने के लिए सी-17 ग्लोबमास्टर विमान का इस्तेमाल किया गया। भारतीय वायुसेना का दल 29 मई को अलास्का स्थित इलसन एयर बेस पहुंच गया था।

### आधुनिक लड़ाकू विमान शामिल

रेड फ्लैग एक्सरसाइज के दौरान युद्ध जैसे हालात बनाकर अभ्यास किया गया। वांछित वातावरण के लिए बलों का सीमांकन किया गया, जिसमें रेड फोर्स ने डिफेंस किया और ब्लू फोर्स ने आक्रामण किया। इस अभ्यास में रेड फोर्स मुख्य रूप से अमेरिकी वायुसेना की एग्रेसर स्कवॉड्रन द्वारा बनाई गई थी, जिसमें एफ-16 और एफ-15 जैसे आधुनिक लड़ाकू विमान थे।

## खबर संक्षेप

### रेणुकास्वामी अपहरण में इस्तेमाल कार जब्त

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं। आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ईंधन की कीमतों में वृद्धि भाजपा करेगी प्रदर्शन

हासन (कर्नाटक)। कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई 17 जून को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक सरकार ने शनिवार को ईंधन पर 'बिक्री कर' बढ़ा दिया है, जिससे पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ गई। बिक्री कर बढ़ने से पेट्रोल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम में 3.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। विजयेंद्र ने पार्टी के हासन जिला मुख्यालय में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम मुख्यमंत्री से 'बिक्री कर' बढ़ाने के फैसले को तत्काल वापस लेने का आग्रह करते हैं। कल हमने पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं और जब तक यह बढ़ोतरी वापस नहीं ली जाती, हम चुप नहीं बैठेंगे।'' उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन होगा।

### लोकसभा उपाध्यक्ष पद विपक्ष को नहीं मिला तो अध्यक्ष पद पर उम्मीदवार उतार सकता है इंडिया गठबंधन

# भाजपा चाहती है अपना लोकसभा अध्यक्ष, टीडीपी बोली एनडीए में सबकी सलाह से हो नाम तय

*भाजपा लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखना चाहती है जबकि टीडीपी नाम तय होने से पहले एनडीए के भीतर सहमति चाहती है। हालांकि जद(यू) ने साफ कर दिया है कि एनडीए के सहयोगी दलों की बजाय अध्यक्ष पद पर पहला हक सबसे बड़े दल भाजपा का है। उधर, विपक्षी इंडिया गठबंधन का कहना है कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को नहीं दिया गया तो अध्यक्ष पद पर वे भी अपना उम्मीदवार उतारेंगे। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुनाव 26 जून को निर्धारित है।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

अगर सत्तापक्ष और विपक्ष में सहमति बनती है तो अध्यक्ष निर्विरोध चुना जाएगा, वरना इसी दिन चुनाव होगा। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। जिसके लिए उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव एक दिन पहले दोपहर तक जमा किए जा सकते हैं।

भाजपा का कहना है कि इस मामले पर पहले पार्टी के भीतर विचार किया जाएगा। उसके बाद ही सहयोगी दलों के साथ इस पर आम





सहमति बनाई जाएगी। हालांकि जद(यू) और टीडीपी के बीच इस विषय पर आम सहमति नहीं बनती दिख रही है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी ने कहा कि एनडीए के सहयोगियों को सर्वसम्मति से उम्मीदवार तय करना चाहिए। जबकि बिहार के सीएम नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि वह भाजपा के फैसले का समर्थन करेगी। जद(यू) नेता केसी त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी और टीडीपी एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा नामित उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा कि अध्यक्ष हमेशा सत्तारूढ़ पार्टी का होता है, क्योंकि गठबंधन दलों में उसकी संख्या सबसे अधिक होती है। दूसरी ओर, टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पट्टाभि राम कोम्मारेड्डी ने मीडिया से कहा कि उम्मीदवार का फैसला एनडीए के सहयोगियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। कोम्मारेड्डी ने कहा कि एनडीए के सहयोगी एक साथ बैठकर तय करेंगे कि स्पीकर के लिए हमारा उम्मीदवार कौन होगा।

### 24 जून से शुरू होगा लोस का पहला सत्र

गौरतलब है कि लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई को सत्र का समापन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा कि लोकसभा स्पीकर पद के लिए लड़ाई अहम है। इस बार स्थिति 2014 और 2019 जैसी नहीं है। सरकार स्थिर नहीं है। अगर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी ) लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी सहयोगी उसके लिए समर्थन सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

### जी-7 के विचार-विमर्श में चीन के लिए स्पष्ट संकेत

# मेलोनी ने जी-7 के समापन में पीएम मोदी से कहा- भारत संग साझेदारी करेंगे मजबूत



**एजेंसी ▶▶| बारी**

जी-7 की मेजबान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अवसरों की तलाश की है। मेलोनी ने कहा, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों की खोज की जो शुरुआत पीएम मोदी के साथ 2022 में हुई थी, वह आगे बढ़ चुकी है। अब इस साझेदारी को और मजबूत करने की ओर बढ़ चले हैं। मेलोनी ने यह भी कहा कि जी-7 के विचार-विमर्श में चीन के लिए स्पष्ट संकेत है कि हम बातचीत के लिए खुले हैं, लेकिन हमारी कंपनियों को स्वतंत्र व निष्पक्ष बाजार में समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होना चाहिए। मेलोनी ने भारत के नजरिये को आगे बढ़ाते हुए कहा, जी-7 हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी जिम्मेदारियों के लिए प्रतिबद्ध है।

# मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर राज्यपाल ने दी शाह को जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

- राष्ट्रपति से भी की मुलाकात

मणिपुर के खराब हालात पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के सार्वजनिक रूप से चिंता जताने के बाद पहला अवसर है जब सूबे की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मुलाकात कर मौजूदा हालात पर तफ़्सील से जानकारी दी। माना जा रहा है गृह मंत्री शीघ्र ही राज्य का दौरा कर दो समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे हिंसात्मक आंदोलन के बीच से शांति का रास्ता निकालने का चौतरफा प्रयास करेंगे। अमित शाह से मुलाकात से पहले मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के सुचारू एवं सफल आयोजन के लिए राष्ट्रपति को बधाई दी। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को मणिपुर में आई बाढ़ तथा राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी दी साथ ही राज्य के राहत शिविरों में विस्थापित व्यक्तियों की कठिनाइयों के बारे में बताया।

# भारत-अमेरिका के एनएसए के बीच आज होगी द्विपक्षीय बैठक

*दोनों देशों के सैन्य और सामरिक संबंधों को मिलेगी और अधिक मजबूती*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली सफलता के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यभार संभालने के बाद भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़ी जटिल और उभरती हुई तकनीक (आईसीईटी) की दूसरी बैठक का सोमवार को राजधानी में आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान शिरकत करेंगे। 17 से 18 जून तक होने वाली इस बैठक के जरिए दोनों देशों के सैन्य-सामरिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत में नई सरकार के गठन के बाद अमेरिका के किसी शीर्ष सुरक्षा अधिकारी की नई दिल्ली की यह पहली यात्रा है।



### जीई-414 इंजन, प्रीडेटर ड्रोन जैसे मुद्दों पर चर्चा

शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन से जुड़ी हुई मुख्य बैठक 17 जून को होगी। इसके केंद्र में पिछले साल जनवरी में वाशिंगटन में आईसीईटी पर हुई पहली बैठक में शामिल सभी प्रस्तावों की समीक्षा करना है। इसमें भारतीय वायुसेना के तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमानों से जुड़े हुए जीई-414 जेट इंजन को लेकर अमेरिका द्वारा भारत को किया जाने वाली तकनीक का आदान-प्रदान और भारतीय नौसेना के लिए अमेरिका से की जाने वाली 31 एमक्यू-9 बी सशस्त्र प्रीडेटर ड्रोन की खरीद, लॉइट्रिंग एम्युनिशन जैसे रक्षा उत्पादों के साझा विकास के मामले पर भी चर्चा संभव है। बैठक में भारत में सेमीकंडक्टर को लेकर स्थापित की जाने वाली सतत सप्लाई चेन, स्पेस तकनीक, क्वांटम कंप्यूटर और दूरसंचार के मुद्दों पर बातचीत की जा सकती है।

# जापान में फैला मांस खाने वाला बैक्टीरिया, इससे 48 घंटे में मौत

### खराश और सूजन से होती है इस बीमारी की शुरुआत



**एजेंसी ▶▶| टोक्यो**

जापान में कोरोना के बाद अब एक नई खतरनाक बीमारी सामने आई है। इसमें बैक्टीरिया मरीज के शरीर का मांस खाने लगता है। बीमारी का नाम स्ट्रेप्टोकॉकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम एसटीएसएस है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस बीमारी से 48 घंटे में मरीज की मौत हो जाती है। जापान में अब तक इसके 977 केस सामने आ चुके हैं। यह बीमारी ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकॉकस (गैस) बैक्टीरिया की वजह से होती है। यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे संक्रमित लोगों में सबसे पहले सूजन और गले में खराश होती है। इसके अलावा शरीर में दर्द, बुखार, लो बीपी, नेक्रोसिस ( शरीर के टिशू मर जाते हैं), सांस लेने में समस्या, ऑर्गन फेलियर जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसके कुछ ही घंटों बाद मौत हो जाती है। स्ट्रेप्टोकोकस बीमारी अब यूरोप के 5 देशों तक फैल चुकी है। इनमें ब्रिटेन, फ्रांस, आयरलैंड, नीदरलैंड और स्वीडन शामिल है। यहां इस बैक्टीरिया ने सबसे ज्यादा बच्चों को अटैक किया है।

# शिक्षा मंत्री ने कहा- दोषी मिले, तो एनटीए के अफसर भी नहीं बचेंगे

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

नीट यूजी 2024 एग्जाम विवाद को लेकर देशभर में विद्यार्थियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की तरफ से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। एनटीए में सुधार की जरूरत है।



- सरकार ने माना नीट परीक्षा में गड़बड़ी हुई

उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि जो लोग इस धांधली में शामिल होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो कोई बड़ा अधिकारी भी क्यों न हो। शिक्षा मंत्री ने ने ओडिशा के संबलपुर में कहा कि नीट एग्जाम में दो प्रकार की समस्याओं की जानकारी सामने आई है। शुरुआत में 1563 स्टूडेंट्स को टेस्ट सेंटर पर कम समय मिलने की वजह से ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब इन कैंडिडेट्स के लिए 23 जून को दोबारा एग्जाम कंडक्ट कराया जाएगा।

### छात्रों की समस्याओं को लेकर गंभीर है सरकार

प्रधान ने कहा दो जगहों पर एग्जाम में गड़बड़ियों की बात सामने आई है। मैं छात्रों और अभिभावकों को ये विश्वास दिलाता हूं कि सरकार गंभीर है। ता से ले रही है। प्रधान ने ये भी कहा कि एनटीए में सुधार की जरूरत है और अगर कोई बड़ा अधिकारी भी किसी प्रकार की धांधली में शामिल है, तो उसे भी बख्शा नहीं जाएगा। गुनाहगारों को कठोर से कठोर दंड मिलेगा।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु मण्डल रायपुर(छ.ग.)

ज्ञाप क्र. 1601/ / सा / 2024 रायपुर दिनांक 13/06/2024

**निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)**

(निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 22.06.2024, समय-17:30 बजे तक)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ( रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 24/154882 | जिला - सुकमा के नगर पंचायत कोंटा से उड़ीसा पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/8-10 शबरी नदी पर मोटूघाट पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के पहुंचमार्ग में डामरीकरण का कार्य । | रू. 88.31 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है ।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि सेतु मण्डल, रायपुर (छ.ग.)

G-242500346/1



**प्रारूप- 37**
**(नियम 61(3) देखिए)**

**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना**

**(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)**

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर
सं. तारीख- / / 2024

श्री/श्रीमती/कुमारी SHRI NIJAM KHAN, Son/Wife/Daughter of SHRI NUR MOHAMMAD, ADD- ANNPURANA PARA, Uttar Bastar Kanker, C.G. 494334, MOB-7000167621 (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने/उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/ पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या **CG04NW3542** है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है। 2. आप फरार हो गये हैं।

उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**प्रति,**
वित्तपोषक Manager, CHOLAMANDALAM INVES & FIN CO LTD, KANKER, - 494334.

**प्रति,**
रजिस्ट्रीकृत स्वामी SHRI NIJAM KHAN, Son/Wife/Daughter of SHRI NUR MOHAMMAD, ADD- ANNPURANA PARA, Uttar Bastar Kanker, C.G. 494334, MOB-7000167621.

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर (छ.ग.)



## भारतीय नौसेना

**अविवाहित पुरुष/महिला उम्मीदवारों से खेल कोटा प्रवेश - 02/2024 बैच में नाविक के रूप में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित**

1. भारतीय नौसेना उत्कृष्ट अविवाहित पुरुष/महिला खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित करती है जिन्होंने निम्नलिखित विषयों में अंतर्राष्ट्रीय/जूनियर या सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया है:-

(ए) **पुरुष उम्मीदवारों के लिए अनुशासन:** एथलेटिक्स, एक्वेटिक्स, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, क्रिकेट, घुड़सवारी, फुटबॉल, तलवारबाजी, कलात्मक जिम्नास्टिक, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, स्क्वैश, गोल्फ, टेनिस, कायाकिंग और कैनोइंग, रोइंग, शूटिंग एवं नौकायन।

(बी) **महिला उम्मीदवारों के लिए अनुशासन:** एथलेटिक्स, जलीय विज्ञान, कलात्मक जिमनास्टिक, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, कायाकिंग और कैनोइंग, रोइंग, शूटिंग एवं नौकायन।

**टिप्पणी:-**

(i) निशानेबाजी के लिए, नवीनतम राष्ट्रीय रैंकिंग के अनुसार ओलंपिक स्पर्धाओं में केवल शीर्ष 50 एथलीट ही आवेदन करने के पात्र हैं।

(ii) नौकायन के लिए, नाव की ILCA7, ILCA6, 49er और 49er (FX) श्रेणियों में केवल अंतर्राष्ट्रीय/सीनियर राष्ट्रीय पदक विजेता ही आवेदन करने के पात्र हैं।

2. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **20 जुलाई 2024** है और उत्तर पूर्व, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप के उम्मीदवारों के लिए अंतिम तिथि **25 जुलाई 2024** है। आवेदन यहां भेजे जाने हैं: -

सचिव, भारतीय नौसेना खेल नियंत्रण बोर्ड
नौसेना मुख्यालय
रक्षा मंत्रालय
7वीं मंजिल, चाणक्य भवन
चाणक्य पुरी, नई दिल्ली - 110 021

3. प्रवेश के प्रकार और अन्य योग्यताओं से संबंधित विवरण इस प्रकार हैं:-

| क्र.स. | प्रवेश का प्रकार | आयु | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| (अ) | डायरेक्ट इन्ट्री पेटी ऑफिसर (डीईपीओ) खेल प्रविष्टि | 01 नवंबर 1999 से 30 अप्रैल 2007 के बीच जन्मा; दोनों तिथि समाहित | 10+2 उत्तीर्ण |
| (ब) | डायरेक्ट इन्ट्री चीफ पेटी ऑफिसर (डीईसीपीओ) खेल प्रविष्टि | 01 नवंबर 1999 से 30 अप्रैल 2007 के बीच जन्मा; दोनों तिथि समाहित | 10+2 उत्तीर्ण |

4. आवेदन प्रपत्र एवं अन्य विवरण के लिए www.joinindiannavy.gov.in पर जायें।

**CBC - 10701/11/0012/2425**



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक : 12.06.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा आमंत्रण सूचना क्र. | सिस्टम आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/SE/NH/G/15-31/2024 | 2024_MoRTH_811493_1 | ROAD MAINTENNACE WORK IN KESHKAL GHAT AND CITY PORTION (RISK & COST BASIS) UNDER EPC AGREEMENT OF WORK NAME REHABILATATION & UPGRADATION FROM KM 130.00 TO KM 180.00 KANKER TO BEDAMA SECTION OF NH 30 | Rs.150.05 Lacs |
| 2 | 07/SE/NH/G/15-37/2024 | 2024_MoRTH_811494_1 | WMM Patch repair in Km.281.00 to 307.600 of NH. 53 | Rs.23.00 Lacs. |

ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 03.07.2024 समय शाम 5:30 बजे तक है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल,
लो.नि.वि., रायपुर (छ.ग.)

G-242500341/1



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती लकड़ी एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेता को सलाह दी जाती है, कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज का भली-भांति अवलोकन कर लेवें। नीलाम से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी गई वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से कम या अधिक हो सकती है :-

**नीलाम स्थल - काष्ठागार अम्बिकापुर,**
**नीलाम दिनांक व समय - 25.06.2024 प्रातः 09.30 बजे से**

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली नग | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली नग | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली नग |
| सागौन | 0.000 | 0 | 36.790 | 1203 | 36.790 | 1203 |
| साल | 119.000 | 15 | 1535.139 | 4752 | 1654.139 | 4767 |
| साजा | 0.000 | 0 | 10.019 | 31 | 10.019 | 31 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 2.248 | 74 | 2.248 | 74 |
| धावड़ा | 0.000 | 0 | 5.160 | 0 | 5.160 | 0 |
| बीजा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| नीलगिरी | 0.000 | 30 | 0.000 | 0 | 0.000 | 30 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 0.908 | 294 | 0.908 | 294 |
| अन्य | 31.000 | 0 | 106.698 | 1014 | 137.698 | 1014 |
| **योग:-** | **150.000** | **45** | **1696.962** | **7368** | **1846.962** | **7413** |
| **जलाऊ चट्टा** | **0** | | **287 Chatta** | | **287 Chatta** | |

टीपः- 1. क्रेता को पैन नम्बर एवं टीन नम्बर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 की प्रति, के अतिरिक्त जी. एस. टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
2. अपरिहार्य परिस्थिति में अधिसूचित नीलाम की तिथि में परिवर्तन संभावित हो सकता है।

वनमण्डलाधिकारी
सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)

जी- 242500332/4



## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता,
**महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**
**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा सूचना क्र. / सिस्टम निविदा क्र. / दिनांक | अनुमानित लागत | निविदा निरस्त होने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धमतरी जिले के विकासखंड धमतरी की महानदी परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर के आर.डी. 390 मी. से 10000 मी. तक लाईनिंग एवं मरम्मत कार्य। | 13/व.ले.लि. / 2023-24/153215 दिनांक 23.02.2024 (प्रथम आमंत्रण) (जी. नंबर 08081) | रू. 453.48 लाख | कोई भी निविदाकार भाग न लेने के कारण निविदा निरस्त किया गया है। |
| 2. | महानदी मुख्य नहर के वितरक शाखा क्र. 4 के आर.डी. 0 मी. से 6000 मी. तक तथा चोरभट्टी माईनर का लाईनिंग कार्य। | 15/व.ले.लि. / 2023-24/153355 दिनांक 28.02.2024 (चतुर्थ आमंत्रण) (जी. नंबर 08245) | रू. 261.14 लाख | कोई भी निविदाकार भाग न लेने के कारण निविदा निरस्त किया गया है। |

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2, रूद्री
कृते मुख्य अभियंता, महानदी
परियोजना जल संसाधन विभाग,
रायपुर, (छ.ग.)

G-242500334/3



## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड रायपुर
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN- U4018T2003SGC051822
कार्यालय - कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण) रायपुर
न्यु पुरैना बस्ती रोड, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुरैना के बाजु
दूरभाष 0771-2574766 Email-eecitysouth.raipur@cspc.co.in

क्रमांक / 051-56/ सामान्य / 1323 रायपुर, दिनांक 14/06/24

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर संभाग (दक्षिण) छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., रायपुर के अंतर्गत निम्नांकित 33/11 के.व्ही. लाईनों का संधारण / रखरखाव एवं नये लाईन विस्तार से संबंधित कार्य किया जाना है। जिसके कारण कुछ स्थानों पर विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। अतः दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में वृद्धि की जा सकती है।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 18.06.2024 दिन मंगलवार | 11. के. व्ही. डूण्डा फीडर | डुंडा बस्ती, फ्लोरल सिटी, पॉम मिडोस, अविवा ग्रीन, दामोदर पार्क, षिव विहार, दुर्गा विहार, डुंडा मेन रोड, फोकट पारा, तालाब के पास एवं उसके आस पास का क्षेत्र। |
| 2 | | 11 के.व्ही. बोरिया फीडर | शाश्वत नगर, सिद्धी विनायक कॉलोनी, तिवारी बिल्डिंग, थेरेसियन स्कुल, कमल होटल के पास, बोरिया बस्ती, नाईस बेकरी, बजरंग चौक, जानकी नगर के पास का क्षेत्र। |
| 3 | | 11 के. व्ही. आर. डी. ए. फीडर | आर. डी. ए. फेस -1 एवं 2, साई नगर, चन्द्रीका विहार, निखिल विहार, ग्रीन सिटी, विलाल नगर, ओम नगर, अनंनतरा होम्स, वॉलफोर्ड, अविवा प्राईड एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| 4 | 19.06.2024 दिन बुधवार | 11 के.व्ही. ओम विहार फीडर | ओम विहार कॉलोनी, फुण्डहर चौक एवं वी.आई.पी. रोड के आस-पास का क्षेत्र। |
| 5 | | 11 के.व्ही. डूमरतराई फीडर | एल. के. लॉजिस्टीक, बगस होटल, दिपक होटल, एस. के. ट्रेडर्स, पारधी पारा, साहू पारा, षिकारी पारा, मिन्टु स्कुल के पीछे, भाटापारा, सतनामी बस्ती एवं उनके आस पास का क्षेत्र। |
| 6 | | 11 के. व्ही. यश विहार फीडर, तरूण बाजार फीडर, गौकुल नगर | यश विहार कॉलोनी, प्रयाग विहार, हनुमान नगर, बृजधाम प्लास्टिक, त्रिवेणी सदन, केनरा बैंक के पास, मसाला फैक्टरी, उच्च दाब उपभोक्ता कौशल्या देवी गोयल एवं पुराना धमतरी रोड का क्षेत्र। तरूण विहार, अयोध्या नगर, राम जानकी मंदिर, बेहरा झाड़ नहर रोड, इमली खदान, स्मार्ट पांइट, शुभम के मार्ट एवं मालाबाई सोनकर स्कुल, भैरव नगर के पास का क्षेत्र। |
| 7 | 20.06.2024 दिन गुरुवार | 11 के.व्ही. फुण्डहर फीडर | अग्रेसेन धाम के पास, फुण्डहर, लव - कुष वाटिका एंव गौरव गार्डन के आस-पास का क्षेत्र। |
| 8 | | 33 के.व्ही. इंडियन ऑयल फीडर | उच्चदाब उपभोक्ता अग्रसेन धाम, बालाजी मंदिर, चोकरधानी एवं वी. डब्लू केन्यान होटल, उच्चदाब उपभोक्ता एग्रीकल्चर कॉलेज |
| 9 | | 11 के.व्ही. रूलर फीडर | खुडमुडा घाट रोड़, लता मंगेशकर बाड़ी, तरूण बाड़ी, केशरी बगीचा, यादव होटल, सोनकर फेब्रीकेशन का आसपास का क्षेत्र। |
| 10 | 21.06.2024 दिन शुक्रवार | 11 के.व्ही. मौलश्री विहार फीडर | विधायक कॉलोनी, मौलश्री विहार, वी.आई.पी चौक के आस-पास के क्षेत्र। |
| 11 | | 11 के.व्ही. सिमरन सिटी फीडर | शारदा पब्लिक स्कूल, बी.एस.यू. पी. काठाडीह, काठाडीह रोड़, दारूभठठी के आसपास का रोड। |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा की बचत करें।

( आशीष अग्निहोत्री - 4511473)
कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण)
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. रायपुर

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में एलआईसी सबसे अधिक लाभ में




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 85,582.21 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। शेयर बाजार के सकारात्मक रुख के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सबसे अधिक लाभ में रही।

### आरबीआई ने सेंट्रल बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'ऋण और अग्रिम' तथा 'ग्राहक संरक्षण' से संबंधित निर्देशों का पालन न करने पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था।

### एयरटेल ने स्पेक्ट्रम की बकाया रकम चुकाई




**नई दिल्ली।** एयरटेल ने 2012 और 2015 में आवंटित स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूरा बकाया चुका दिया है। एयरटेल ने 2012 की नीलामी में 8.67 करोड़ रुपये और 2015 की नीलामी में 29,129 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम सरकार से हासिल किए थे। 'दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूर्व-भुगतान कर दिया गया है।

### एस्सार समूह हरित हाइड्रोजन पर 30 हजार करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है।

# करना है आईटीआर फाइल तो इन डॉक्यूमेंट्स को रखें तैयार, नहीं होगी कोई दिक्कत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई, 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। अगर आप खुद रिटर्न फाइल करना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं।

- बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं

यह पूरा प्रोसेस ऑनलाइन है। अगर आप पहली बार इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर रहे हैं तो कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। रिटर्न फाइल करने से पहले हर टैक्सपेयर को कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट्स को अपने पास रखना चाहिए। इससे रिटर्न दाखिल करने में आपको किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट वर्ष 2023-24 के लिए प्रक्रिया शुरू

### फॉर्म-16 है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने के लिए फॉर्म-16 बेहद जरूरी है। हर नौकरी करने वाले व्यक्ति को उसकी कंपनी यानी नियोक्ता फॉर्म-16 जारी करती है। फॉर्म-16 एंप्लायर यानी नियोक्ता द्वारा जारी किया जाता है। इसके जरिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है। फॉर्म-16 में करदाताओं की ग्रॉस इनकम के साथ-साथ, नेट इनकम और इनकम में से काटे गए टीडीएस के बारे में जानकारी दर्ज होती है।




*निवेश के प्रूफ : अगर आपने टैक्स सेविंग के लिए इनकम टैक्स की धारा 80 सी, 80 सीसीसी और 80 सीसीडी के तहत निवेश किया है तो आप निवेश के प्रूफ के साथ टैक्स छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं। छूट को क्लेम के लिए यह एक सबूत की तरह काम करता है।*

### कैपिटल गेन के दस्तावेज भी हैं जरूरी

अगर आपने म्युचुअल फंड, शेयर बाजार या प्रॉपर्टी के जरिए निवेश करके कमाई की है तो इसे कैपिटल गेन कहते हैं। आईटीआर फाइल करते वक्त कैपिटल गेन के जरिए हुई कमाई की जानकारी देना भी आवश्यक है।

### होम लोन स्टेटमेंट

अगर आपने किसी बैंक या एनबीएफसी से होम लोन ले रखा है तो आप पिछले वित्त वर्ष के लिए लोन स्टेटमेंट को बैंक से लेने बिल्कुल न भूलें। इससे यह पता चलेगा की आपने लोन पर कितना ब्याज चुकाया है। आप इनकम टैक्स की धारा 24 के तहत होम लोन पर चुकाए गए ब्याज पर टैक्स छूट भी क्लेम कर सकते हैं।

### आधार कार्ड और पैन कार्ड है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त आधार और पैन के डिटेल्स को देना भी आवश्यक है। ऐसे में आप रिटर्न फाइल करने से पहले इन दोनों डॉक्यूमेंट्स को अपने पास जरूर रखें। इसके साथ ही अगर आपके पास एक से अधिक बैंक खाते हैं तो उनकी जानकारी देना भी जरूरी है।

### सैलरी स्लिप भी है जरूरी

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त टैक्सपेयर के पास अपनी सैलरी स्लिप भी होनी चाहिए। सैलरी स्लिप में व्यक्ति की सालाना इनकम। डीए, हाउस रेट आदि की जानकारी दर्ज होती है।

## पीईएसबी ने चेयरमैन व सीएमडी के लिए लिया था साक्षात्कार

# पीईएसबी को नहीं मिला एचपीसीएल प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी ने हाल में एचपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए साक्षात्कार लिया था, लेकिन उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा।

तीन साल में यह तीसरा मौका है जबकि जब बोर्ड को किसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार की खोज करता है। पीईएसबी ने 14 जून को इस पद के लिए कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था।

### आईजीएल के एमडी शामिल थे

जिन लोगों का साक्षात्कार लिया गया उनमें एचपीसीएल निदेशक मंडल के एक सदस्य के अलावा इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) के प्रबंध निदेशक भी शामिल थे। लेकिन पीईएसबी को इनमें से कोई उम्मीदवार इस पद के उपयुक्त नहीं लगा।

- बोर्ड को इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा
- तीन साल में तीसरा मौका जब बोर्ड को उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला




### एचपीसीएल प्रमुख का पद एक सितंबर 2024 को होगा खाली

एचपीसीएल के प्रमुख का पद एक सितंबर, 2024 को खाली हो जाएगा। उस समय कंपनी के मौजूदा चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पुष्प कुमार जोशी 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। पीईएसबी को इससे पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) में शीर्ष पद के लिए कोई उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिला था।

- पीईएसबी ने 14 जून को कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था

### उचित तरीके से चुनने की सलाह

पीईएसबी पैनल ने एक अधिसूचना में कहा, 'बोर्ड ने एचपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद के लिए किसी भी उम्मीदवार की सिफारिश नहीं की और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) सहित चयन के लिए आगे की कार्रवाई का उचित तरीका चुनने की सलाह दी।'

### किसी नाम की सिराफिश नहीं

आईओसी के मामले में पीईएसबी ने श्रीकांत माधव वैद्य का स्थान लेने के लिए किसी के नाम की सिफारिश नहीं की। वैद्य को 2023 में सेवानिवृत्त होना था। पीईएसबी ने इस पद के लिए कुल 10 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलने के बाद एक 'अनूठा' कदम उठाते हुए सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर वैद्य को पुनः कंपनी का प्रमुख नियुक्त कर दिया गया।

### ओएनजीसी प्रमुख का सेवाकाल बढ़ा था

इसके चलते आईओसी के प्रमुख का कार्यकाल सेवानिवृत्ति की उम्र पूरी होने के बाद एक साल बढ़ाया गया। वहीं ओएनजीसी का प्रभार एक सेवानिवृत्त कार्यकारी को सौंपा गया। पीईएसबी ने तीन जून, 2021 को भारत की सबसे बड़े तेल एवं गैस उत्पादक ओएनजीसी के प्रमुख के पद के लिए दो सेवारत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों सहित नौ उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

### ये नौकरशाह उपयुक्त पाया गए थे

लेकिन इसमें न तो वरिष्ठ नौकरशाह अविनाश जोशी और नीरज वर्मा और न ही मेंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में निदेशक-वित्त पोमिला जसपाल और ओएनजीसी के प्रौद्योगिकी और फील्ड सेवाओं के निदेशक ओम प्रकाश सिंह को इस पद के उपयुक्त पाया गया।

# बैटरी सेल के लिए महिंद्रा वैश्विक भागीदारी तलाश रही : शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महिंद्रा समूह स्थानीय स्तर पर बैटरी सेल के उत्पादन के लिए वैश्विक कंपनियों के साथ भागीदारी की संभावना तलाश रहा है। भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने को समूह ऐसा कर सकता है। महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

शाह ने कहा कि कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन इकाई महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड (एमईएएल) की संभावित सूचीबद्धता के लिए 2030 की समयसीमा पर विचार कर रही है। शाह ने कहा, 'एक क्षेत्र जिसपर हम अधिक बारीकी से गौर कर रहे हैं वह सेल विनिर्माण है और यह एक ऐसी चीज है जहां विभिन्न विचार हैं... अगर हमें लगता है कि यह हमारे लिए जरूरी है, तो हम सेल विनिर्माण के लिए साझेदारी पर विचार करेंगे।' उन्होंने कहा, ''हम एक वैश्विक प्रौद्योगिकी भागीदार और संभावित रूप से निजी इक्विटी भागीदारों पर भी गौर करेंगे क्योंकि हम पूरी पूंजी नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस पहल को अमलीजामा पहना पाते हैं, तो देश में बेटरी सेल का स्थानीय उत्पादन शुरू हो सकेगा।

### उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी

यह पूछे जाने पर कि क्या इसके लिए उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी, शाह ने कहा, ''हमारे लिए ऐसा करने का एकमात्र कारण स्वदेशीकरण करना है। इसलिए अगर हम उस रास्ते पर चलते हैं, तो यह भारत में ही होगा।' एमईएएल को सूचीबद्ध करने की योजना पर शाह ने कहा कि यह कम से कम अगले तीन से पांच साल में नहीं होने वाला है।

# पेटीएम की यह बिजनेस बेचने जोमाटो से बातचीत

- मूवी व इवेंट टिकटिंग कारोबार बेचने की तैयारी शुरू कर दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




संकट में फंसी पेटीएम ने अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमाटो से बातचीत की जा रही है। फिनटेक कंपनी पेटीएम ने यह फैसला रीस्ट्रक्चरिंग के तहत लिया है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैन लगाए जाने के बाद पेटीएम के कारोबार को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में वह गिरती हुई सेल्स को संभालने के लिए एक साथ कई विकल्प पर काम कर रही है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के साथ ही कुछ कारोबार हटाकर पेटीएम अपने पेमेंट बिजनेस पर ध्यान देना चाहती है।

### यूपीआई पेमेंट सेगमेंट पर ध्यान देना चाहती है पेटीएम

रिपोर्ट के अनुसार, मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने के लिए पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस और जोमाटो के बीच बातचीत शुरू हो चुकी है। मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचकर कंपनी यूपीआई पेमेंट सेगमेंट में अपनी खोई हुई इज्जत को वापस हासिल करने का प्रयास करेगी।

**जोमाटो का डिजिटल बिजनेस भी हो जाएगा बड़ा**

पेटीएम ने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस के आंकड़ों की जानकारी तो नहीं दी है। मगर, मार्च, 2024 में मार्केटिंग सर्विस बिजनेस के जरिए कंपनी को 17.4 अरब डॉलर की सालाना सेल्स हासिल हुई थी। इसमें मूवी और इवेंट टिकटिंग के साथ ही क्रेडिट कार्ड मार्केटिंग एवं गिफ्ट वाउचर्स बिजनेस भी शामिल है। यदि जोमाटो के साथ पेटीएम की डील सफल हो जाती है तो कंपनी ट्रेवल, डील्स और कैशबैक बिजनेस पर फोकस कर सकेगी।

## बिजनेस साइट

# पीएनबी के कार्यपालक निदेशक महापात्रा का रायपुर दौरा

**रायपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के कार्यपालक निदेशक बिभू प्रसाद महापात्रा का आगमन 14 जून को रायपुर में हुआ। इस अवसर पर अंचल कार्यालय रायपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में अंचलाधीन मंडल प्रमुखों/एमसीसी/पीएलपी प्रमुखों की व्यावसायिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। तत्पश्चात ओटीएस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें श्री महापात्रा ने बड़े एनपीए




खातों में ऋणियों से मुलाकात कर बैंक के दिशा-निर्देशानुसार खातों के निपटान की मंजूरी दी। पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के साथ सामंजस्य बिठाते हुए उन्हें पंजाब नैशनल बैंक द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था। श्री महापात्रा ने कहा कि हमें बैंक के सभी ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देनी हैं। हमें ग्राहकों को समझने की जरूरत है। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय, रायपुर के मंडल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा एवं उप अंचल प्रबंधक पी. अरुण कुमार राव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्रे काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# भारत का घरेलू एसी बाजार होगा 50 हजार करोड़ का: वोल्टास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में घरेलू एयर कंडीशनर (रूम एसी) का बाजार वित्त वर्ष 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास ने अपनी हालिया वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही है।

एसी की अग्रणी कंपनी वोल्टास ने कहा कि घरेलू और अग्रणी विदेशी कंपनियों की उपस्थिति के कारण भारतीय घरेलू एसी बाजार में प्रतिस्पर्धा 'तेज' हो गई है। बढ़ती गर्मी, बढ़ती खर्च योग्य आमदनी तथा उपभोक्ता वित्त तक आसान पहुंच के साथ बेहतर जीवनशैली की चाह जैसे कारकों से घरेलू एसी खंड की वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है।'भारतीय घरेलू एसी बाजार के 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।'वोल्टास ने 2023-24 में 20 लाख से अधिक एसी बेचे।




- टाटा समूह की वोल्टास कंपनी ने 2023-24 में 20 लाख से अधिक एसी बेचे
- 2028-29 तक 12 फीसदी की सालान दर से बढ़ सकता है

कंपनी के अनुसार, यह किसी भी ब्रांड द्वारा एक वर्ष में बेची गई एसी की अबतक की सबसे अधिक संख्या थी।''वोल्टास ने एक जनवरी, 2024 से 20 अप्रैल, 2024 तक मात्र 110 दिन की अवधि में 10 लाख एसी बेचे हैं।''इस सत्र में कई कंपनियों की एसी बिक्री अप्रैल और मई में दोगुना से अधिक हो गई है। भीषण गर्मी के दौरान पारा 45 डिग्री के आसपास पहुंचने के बीच बिक्री में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला है।

### सीएसी में बढ़ने जा रही प्रतिस्पर्धा

घरेलू एसी के अलावा, वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (सीएसी) में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ने जा रही है। अब अग्रणी विदेशी कंपनियों ने इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। इससे पहले, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता संघ ने कहा था कि इस साल उसे घरेलू एसी की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है, जिससे 2024 में वार्षिक बिक्री लगभग 1.4 करोड़ इकाई हो जाएगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

उपलब्ध विशेषताएं
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# रायपुर रायनोज बना छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर रायनोस प्रदेश में पहली बार हो रहे छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग रविवार को चैंपियन बन गया। रोमांचक मुकाबले में टीम रायपुर रायनोस ने 8 विक्रेट से जीत दर्ज की। बिलासपुर बुल्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 156 रन बनाए। जवाब में रायपुर रायनोज ने 16.1 ओवरों में 2 विकेट खोकर 157 रन बनाकर मैच जीत लिया।

रायपुर के ओर से अनुज तिवारी और हर्ष शर्मा मैच के हीरो रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्टेडियम ने जमकर बिलासपुर के गेंदबाजों के खिलाफ चौके-छक्के बरसाए। अनुज ने 65 तो वही हर्ष ने 57 रनों की पारी से टीम को 16 ओवर में ही जीत दिला दी। सीसीपीएल पहले सीजन में रायपुर के जीत के साथ दर्शकों का भी दिल जीत लिया। देर रात हजारों की भीड़ स्टेडियम में मौजूद रही। खिताब हासिल कर रायपुर रायनोस के खिलाड़ियों ने स्टेडियम में जश्न मनाया।




रायपुर रायनोस के अनुज और हर्ष ने जमकर बरसाए चौके-छक्के

तीसरे विक्रेट के लिए अनुज और हर्ष ने जुटाए 122 रन

**मैच के पुरस्कार**
परफेक्ट कैच - अमनदीप खरे
मोस्ट सिक्सेस - अभिजीत ताह
सुपर स्टाकर - हर्ष शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच - अनुज


### आशीष की गेंदबाजी से बदला मैच

*रायपुर रायनोस की ओर से आशीष चौहान ने 4 ओवरों में 31 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए। साथ ही मयंक यादव ने 4 ओवरों में 38 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए। बिलायपुर के 157 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर रायनोस ने 16.1 ओवरों में 2 विकेट खोकर 157 रन बनाकर मैच जीत लिया। रायपुर रायनोस की ओर से अनुज तिवारी ने नाबाद 65 रन बनाए व हर्ष शर्मा ने 57 रनों की पारी खेली। बिलासपुर बुल्स की ओर से रुद्र प्रताप तथा इरफान ने 1-1 विकेट प्राप्त किए।*

### खेल मंत्री ने टीम को सौंपी ट्रॉफी

*जीत के बाद भी खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने विजेता टीम रायपुर रायनोस के कप्तान अमनदीप खरे को सीसीपीएल की ट्रॉफी सौंपी। इस दौरान निर्देशक बलदेव भाटिया, चेयरमैन गर्वनिग काउसिंल प्रमोद शंकर शर्मा, निर्देशक विजय शाह, छतीसगढ़ संघ अध्यक्ष जूबिन शाह व सचिव मुकुत तिवारी उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप



### रंधावा लीजेंड्स टूर के क्वार्टर में हारे

**हर्टफोर्डशर।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

### कोहली की फॉर्म चिंता का विषय नहीं: राठौड़

**लॉडरहिल।** विराट कोहली मौजूदा टी20 विश्व कप में अभी तक तीन मैच में केवल पांच रन बना पाए हैं। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है क्योंकि नेट पर वह बेहतरीन लय में लग रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले कोहली विश्व कप में अभी तक इस तरह का जलवा नहीं दिखा पाए हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ एक और पाकिस्तान के खिलाफ चार रन ही बनाए जबकि अमेरिका के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे।



### त्रिपुरा में जिम्नास्टिक में काफी संभावनाएं

**अगरतला।** जिम्नास्टिक में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार हासिल करने वाले कोच बिश्वेश्वर नंदी को त्रिपुरा के जिमनास्टों से वैश्विक मंच पर चमकने की उम्मीद है। नंदी शीर्ष जिमनास्ट दीपा करमाकर के कोच भी हैं, जो 2016 रियो ओलंपिक में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। नंदी ने कहा, 'त्रिपुरा में जिम्नास्टिक में काफी संभावनाएं हैं। छह से सात लड़कियां राष्ट्रीय स्तर ही नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता दिखा रही हैं। जिम्नास्टिक एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, चोट लगने की संभावना वाला और तकनीकी खेल है। इसमें कोच का उचित मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है।'



### महिला टीम 5वें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली।

## क्रिकेट : स्कॉटलैंड के भी 5 अंक, पर इंग्लैंड रन रेट में बेहतर

# ऑस्ट्रेलिया जीता, स्कॉटलैंड की हार से सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶| ग्रॉस आइलेट

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर-8 में जगह पक्की की। बेहतर रनरेट के कारण ग्रुप बी के सभी मैचों के बाद इंग्लैंड दूसरे नंबर पर रहा, जबकि स्कॉटलैंड ने तीसरे स्थान पर फिनिश किया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया।



### पाकिस्तान ने जीत से खत्म किया अभियान

**लॉडरहिल।** पाकिस्तान ने कप्तान बाबर आजम की नाबाद 32 रन की पारी से रविवार को यहां टी20 विश्व कप के बेमानी ग्रुप मैच में आयरलैंड को तीन विकेट से हराकर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने शानदार गेंदबाजी से आयरलैंड को 20 ओवर में नौ विकेट पर 106 रन ही बनाने दिए। पर आयरलैंड ने भी अपने गेंदबाजों की बदौलत यह लक्ष्य पाकिस्तान के लिए चुनौतीपूर्ण बना दिया जिसने 18.5 ओवर में सात विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की। आजम अंत तक क्रीज पर रहे जबकि शाहीन शाह अफरीदी ने पांच गेंद में दो छक्के से नाबाद 13 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो गई थीं जिससे यह ग्रुप मैच केवल औपचारिकता भरा था। आयरलैंड की टीम ग्रुप में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी।

### इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया



***नॉर्थ साउंड।*** *इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 41 रन से हराकर टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए नामीबिया के खिलाफ जीत जरूरी थी लेकिन लगातार बारिश होने के कारण एक समय उसकी उम्मीद धूमिल पड़ती नजर आ रही थी। आखिर में तीन घंटे की देरी के बाद मैच शुरू करने का फैसला किया गया और इसे 11 ओवर का कर दिया गया। बीच में बारिश आने के कारण मैच 10 ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 122 रन बनाए। नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 126 रन बनाने का लक्ष्य मिला लेकिन उसकी टीम तीन विकेट पर 84 रन ही बना पाई।*

## ओलंपिक क्वालीफायर

# भजन ने स्वर्ण पदक जीतकर हासिल किया ओलंपिक कोटा



एजेंसी ▶▶| अंताल्या

भारतीय महिला तीरंदाज भजन कौर ने रविवार को यहां 'आर्चरी इन पेरिस फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर' में स्वर्ण पदक जीतकर स्टाइल से व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा हासिल किया। भारत की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी।



कम अनुभवी भजन ने फाइनल में एक भी सेट गंवाए बिना ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह पर जीत से स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं। भजन ने मोबिना को एकतरफा फाइनल में 6-2 (28-26, 29-29, 29-26, 29-29) से हराया। अंकिता भकत क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई लेकिन उन्होंने भी अंतिम आठ में प्रवेश करते ही व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया था। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। मोबिना ने अंकिता को क्वार्टर फाइनल में 6-4 (27-27, 28-27, 27-29, 27-27, 29-28) से पराजित किया। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 (26-28, 25-27, 23-26, 24-25, 27-29) से मात दी।

## वनडे क्रिकेट

# मंधाना का छठा शतक, भारत ने अफ्रीका को 143 रन से रौंदा



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के छठे शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन भारत ने रविवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रन से शिकस्त दी। भारत ने आठ विकेट पर 265 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी को 37.4 ओवर में 122 रन पर समेट दिया।

भारतीय टीम के लिए पदार्पण कर रही शोभना आशा ने चार विकेट चटकाए। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद 99 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन मंधाना ने 127 गेंद में 117 रन की पारी खेल टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाने के अलावा दीप्ति शर्मा (37) के साथ छठे विकेट के लिए 92 गेंद में 81 रन और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 31) के साथ सातवें विकेट के लिए 54 गेंद में 58 रन की अर्धशतकीय साझेदारियों से टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला।

### मंधाना का भारत में पहला वनडे शतक

यह मंधाना का अपने घर में पहला वनडे शतक भी है। इससे पहले पांच शतक उन्होंने विदेशी जमीन पर लगाए हैं। मंधाना ने वनडे करियर का पहला शतक 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाया था। इसके बाद दूसरा वनडे शतक उन्होंने 2017 में वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा था। तीसरा शतक स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2018 में लगाया था। वहीं, अपना चौथा शतक मंधाना ने 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था। पांचवां शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में लगाया था। यानी वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में दो-दो शतक जड़ चुकी हैं। 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मंधाना ने 135 रन की पारी खेली थी।

### अल्बानिया ने सबसे तेज 23वें सेकंड में दागा गोल

**डॉर्टमंड।** अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी।

# लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी, जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था।




### पेरुगिया चैलेंजर के फाइनल में पहुंचे नागल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शनिवार को स्पेन के पूर्व विश्व नंबर 37 बर्नबे जापाटा मिरालेस पर 7-6 (7-2) 1-6 6-2 से जीत हासिल करके पेरुगिया चैलेंजर के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनकी नजर इस साल अपने तीसरे खिताब पर है। इटली के लुसियानो डार्डेरी और जर्मनी के डेनियल अल्टमायर के बीच होने वाले मैच में जीतने वाला खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेगा और उसका सामना सुमित नागल से होगा। 26 वर्षीय नागल जो अब विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वोच्च 77वें स्थान पर हैं, उन्हें पहले सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने टाई-ब्रेकर में स्पेनिश खिलाड़ी को मात दी। लगातार टेनिस खेलते हुए नागल ने जर्मनी में हीलब्रॉन चैलेंजर की शुरुआत के बाद से लगातार नौवीं जीत हासिल की, जिसे उन्होंने इस महीने की शुरुआत में जीता था। इस तरह नागल लगातार चैलेंजर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं, जिससे उन्हें शीर्ष-50 में जगह बनाने का मौका मिला।

# टेस्ट क्रिकेट को आगे बढ़ाने भारत बने नेतृत्वकर्ता

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है। वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को 'नेतृत्वकर्ता की भूमिका' निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है।



**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
आरएसीपीसी- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर छ.ग. फोन- 0771-4089154, 4267586, फैक्स- 0771-4040334

**नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**


अधोहस्ताक्षरी, जो कि भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने वाले किया गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतद्द्वारा उधारकर्ता को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी।
प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता- श्रीमती गीता सेन पति श्री सत्यप्रकाश सेन | (1) 10.04.2024 (2) 10.06.2024 | रू. 10,36,423.00/- + ब्याज एवं अन्य शुल्क | [illegible] |
| 2. | उधारकर्ता- श्रीमती डिम्पल देवांगन पति श्री ललित देवांगन, सह-उधारकर्ता- श्री ललित देवांगन पिता श्री अजय राम देवांगन | (1) 10.04.2024 (2) 10.06.2024 | रू. 52,04,207.00/- + ब्याज एवं अन्य शुल्क | [illegible] |

दिनांक: 16.06.2024, स्थान- रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी रायपुर




# सुपरमैन की दुर्लभ सुपर कॉमिक हुई नीलाम, 1.57 करोड़ रुपये में बिकी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुपरमैन डीसी कॉमिक्स का एक काल्पनिक सुपरहीरो है। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि साल 1939 में प्रकाशित 'सुपरमैन #1' नामक पहली कॉमिक बुक यूनाइटेड किंगडम में एक नीलामी घर द्वारा 1.89 लाख डॉलर (करीब 1.57 करोड़ रुपये) में बेची गई है। यह कॉमिक बुक ग्रेडिंग सर्विस सर्टिफाइड गारंटी कंपनी द्वारा दी गई अधिक रेटिंग वाली 'सुपरमैन #1' दुर्लभ कॉमिक्स में से एक है।

## किस नीलामी घर द्वारा बेची गई कॉमिक?

लगभग 85 साल पुरानी इस कॉमिक बुक को यूके में स्थित एक्सकैलिबर नीलामी घर द्वारा बेचा गया है। इसकी शुरूआती कीमत 25,416 डॉलर यानी 21 लाख से ज्यादा रुपये थी, लेकिन जैसे ही बोली शुरू हुई कुछ मिनट चलने के बाद ही यह 1.89 लाख डॉलर (लगभग 1.57 करोड़ रुपये) में नीलाम हो गई। इस सुपरमैन कॉमिक को सीजीसी द्वारा 1.8 ग्रेड प्राप्त है और इसका खरीदार ऑस्ट्रेलिया का रहने वाला है।

## डीसी कॉमिक्स की सबसे शानदार कॉमिक

साल 1938 में एक्शन कॉमिक्स में सुपरमैन की शुरूआत को स्वर्ण युग की शुरूआत माना जाता है क्योंकि उसकी लोकप्रियता ने कॉमिक बुक को प्रकाशन की एक प्रमुख शाखा बनाने में मदद की। हालांकि, कॉमिक की कॉपी का प्रकाशन साल 1939 में हुआ था। कलाकार जो शस्टर और लेखक जेरी सीगल द्वारा निर्मित सुपरमैन कॉमिक को पहली बार डीसी द्वारा प्रकाशित किया गया जो एक एक्शन कॉमिक बुक थी।

## बैटमैन की कॉमिक बुक 33 लाख से ज्यादा रुपये में बिकी

*इस नीलामी में सुपरमैन की कॉमिक के अलावा 'बैटमैन #1' नामक कॉमिक भी शामिल थी, जिसकी शुरूआती बोली की कीमत 6,358 डॉलर यानी 5 लाख से ज्यादा रुपये थी, लेकिन यह 39,899 डॉलर (करीब 33 लाख रुपये) में बिकी। साल 1939 में प्रकाशित हुई यह पहली डिटेक्टिव कॉमिक थी, जिसे **CGC** द्वारा 3.0 ग्रेड प्राप्त है और इसे नीलामी घर द्वारा बहुत अच्छे से संरक्षित किया हुआ था।*

## स्पाइडर मैन की बुक की दुर्लभ प्रति 11 करोड़ रुपये में बिकी

*साल 1963 में प्रकाशित 'द अमेजिंग स्पाइडर-मैन #1' नामक स्पाइडर मैन की पहली कॉमिक बुक एक नीलामी में 13.8 लाख डॉलर (लगभग 11 करोड़ रुपये) में बिकी थी। यह कॉमिक बुक ग्रेडिंग सर्विस सर्टिफाइड गारंटी कंपनी द्वारा दी गई नियर मिंट/मिंट रेटिंग वाली 'द अमेजिंग स्पाइडर-मैन #1' की केवल 2 प्रतियों में से एक है। अमेरिका में टेक्सास के डलास शहर स्थित हेरिटेज नीलामी घर द्वारा बेची गई इस कॉमिक को सीजीसी द्वारा 9.8 ग्रेड प्राप्त है।*

# बीच में सीढ़ी और दोनों तरफ खाई कलावंती है सबसे खतरनाक किला



*नई दिल्ली। कलावंती किला महाराष्ट्र में स्थित है, जिसे देश के सबसे खतरनाक किले में गिना जाता है। इस फोर्ट के बारे में कहा जाता है कि यह देश का सबसे डेंजरस फोर्ट है लेकिन फिर भी लोग 2300 फीट ऊंचे इस किले पर ट्रेकिंग करने के लिए रोज जाते हैं, आश्चर्य हुआ न? और तो और इस किले की चढ़ाई में केवल पतली सी सीढ़ियां हैं और दोनों तरफ खाई है, जहां इंसान का पैर फिसला वहीं आप गए! वैसे इस तरह के खतरनाक और दुर्गम किले आपको यहां और भी देखने को मिल जाएंगे लेकिन इस किले की लोकप्रियता कुछ और ही है।*

## दो किलों पर नजर रखने किया था निर्माण

*किले का निर्माण बहमनी सल्तनत के समय में पनवेल और कल्याण किले पर नजर रखने के लिए किया गया था। लेकिन 1458 एडी में अहमदनगर सल्तनत की हार से ये किला उनसे छीन लिया गया। कलावंती किले के बारे में ऐसा कहा जाता है कि यहां आने वाले कई लोगों की गिरकर मौत हुई है। यहां बारिश के मौसम में आना काफी खतरनाक है, क्योंकि रास्ते फिसलन भरे हो जाते हैं, और एक गलती आपकी जान ले सकती है।*

गिरते ही सीधा परलोक गमन



## पहले मुरंजन नाम था किले का, शिवाजी ने बदला

*पहले इस किले का नाम मुरंजन किला हुआ करता था, लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज के राज में इसका नाम बदल दिया गया। शिवाजी महाराज ने रानी कलावंती के नाम पर इस किले को नाम दिया। किले को देखने के लिए न केवल देश से बल्कि दुनियाभर से लोग यहां आते हैं।*

## माथेरान और पनवेल के बीच है किला

*प्रबलगढ़ का किला महाराष्ट्र में स्थित है! ये किला माथेरान और पनवेल के बीच स्थित है। इसकी संरचना और ऊंचाई कुछ ऐसी है कि फोटो में देखने वाले लोगों को और भी आकर्षित कर देती है। इसे भारत के सबसे ऊंचे और खतरनाक किलों में गिना जाता है। रायगढ़ जिले में स्थित इस किले के आसपास कई शानदार नजारे भी देखने को मिलते हैं।*

## सूर्यास्त से पहले वापस लौट जाते हैं लोग

*सूर्यास्त होने से पहले ही सैलानी इस किले से वापस घर लौट जाते हैं क्योंकि शाम में यहां से लौटना मुश्किल ही नामुमकिन है, क्योंकि इस ट्रेक को आप केवल उजाले में ही कर सकते हैं। इसके अलावा यहां न यहां पानी की व्यवस्था है और न बिजली की। इस वजह से शाम होने से पहले ही लोग किले से नीचे उतरना शुरू कर देते हैं।*

## आसपास नहीं है कोई रेलिंग और रस्सी

*ये किला इतना खतरनाक है, आप खुद इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां न तो रेलिंग है और ही रस्सी है। लोग एक-एक कदम के साथ किले की सीढ़ियों पर चढ़ते हैं, लेकिन उतरने में हिम्मत साथ नहीं देती। छोटी सी गलती से जान जा सकती है। शाम होते ही यहां हल्की ठंड भी महसूस होने लगती है, क्योंकि किला चारों से ओर से खुला है और हर तरफ हरी-भरी हरियाली और चट्टानें हैं।*

## कलावंती किले तक कैसे पहुंचे

*हवाई जहाज से: प्रभलगढ़ के पास मुंबई का छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, यहां से आप ये जगह 50 किमी दूर है। मुंबई एयरपोर्ट से प्रभलगढ़ के लिए आपको सीधा टैक्सी मिल जाएगी। ट्रेन से: प्रभलगढ़ से सबसे पास का स्टेशन पनवेल स्टेशन है, नवी मुंबई और मुंबई से यहां तक के लिए आप लोकल ट्रेन भी ले सकते हैं। रोड से: प्रभलगढ़ से बस से जाना बेस्ट है, यहां तक के लिए आपको महाराष्ट्र स्टेट ट्रांसपोर्ट की कई बसें मिल जाएंगी। बस मुख्य बस स्टैंड पनवेल तक आएगी, आप यहां से टैक्सी ले सकते हैं।*

# बलौदाबाजार हिंसा पर भूपेश बोले-निष्पक्ष जांच हो तो भाजपा नेता ही निकलेंगे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में अब सियासत गरमा गई है। अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं के दावे और बयान सामने आ रहे हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल का दावा है, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो आरोपी भाजपा के ही नेता निकलेंगे। अमित जोगी ने भी सोशल मीडिया पर 1 जुलाई से आमरण अनशन करने की बात कही है। उनका यह अनशन बलौदाबाजार में ही होगा। भीम आर्मी के प्रमुख एवं सांसद चंद्रशेखर रावण ने भी कहा है, जल्द वे रायपुर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलेंगे। बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन ने अपने स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो फूटेज में रैली में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। अब तक 132 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। भीम रेजीमेंट के रायपुर संभाग अध्यक्ष जीवनराम बांधे को गिरफ्तार किया गया है।

**भीम आर्मी चीफ व सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण ने कहा- पीड़ितों से जल्द मिलेंगे**

## साजिश को छिपाने में जुटी भाजपा : भूपेश



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अमरकंटक में कहा, बलौदाबाजार हिंसा मामले में भाजपा के नेता षड्यंत्र को छिपाने के लिए कांग्रेस पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। हिंसा मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो आरोपी भी वही लोग निकलेंगे। भाजपा अपनी कमजोरी छिपाने के लिए अनर्गल बात कर रही है।



## हमारे कार्यकर्ताओं का बर्बरता से दमन : चंद्रशेखर

वहीं, भीम आर्मी प्रमुख एवं नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण ने भी बलौदाबाजार हिंसा मामले में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि जैतखाम को काटकर फेंकने की घटना पर एक महीने तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं असामाजिक तत्वों की ओर से हुई तोड़फोड़ पर हमारे कार्यकर्ताओं की पिटाई निंदनीय है। बर्बरतापूर्ण दमन को तत्काल रोकने की मांग करता हूं।

## कांग्रेस का प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में कल बड़ा प्रदर्शन

बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस संगठन ने विरोध प्रदर्शन में सभी वर्तमान और पूर्व विधायकों को जिलों का प्रभारी बनाया है। 18 जून को पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार की नाकामियों, लचर कानून व्यवस्था को उजागर करने जिला मुख्यालयों में वरिष्ठ कांग्रेसियों को प्रभारी नियुक्त किया है। सभी जिला प्रभारियों से कहा गया है कि समन्वय बनाकर मामले में सरकार के नाकामियों को उजागर करें। भाजपा सरकार बनने के बाद कांग्रेस का यह बड़ा प्रदर्शन होगा। बलौदाबाजार की घटना के लिए भाजपा द्वारा कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद कांग्रेस ने इस राजनीतिक रूप से भुनाने का प्लान बनाया है। इसी प्रकार पूर्व मंत्रियों को उनके क्षेत्र के जिला मुख्यालयों का प्रभारी बनाया गया है।




पहले पेट पूजा, फिर काम दूजा

## कटहल तोड़ने हाथी ने अपनाई निंजा टेक्निक



**नई दिल्ली।** हाथी को बेहद शांत और समझदार जानवर माना जाता है लेकिन इनका गुस्सा दिल दहला देता है। कभी-कभी इनका शरारत भरा अंदाज दिल जीत लेता है। हाल ही में एक बार फिर एक ऐसा ही वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है, जिसमें एक हाथी ने कटहल खाने के लिए हाथी ने जो निंजा टेक्निक लगाई है, उसे देखकर आप भी इनके दिमाग की तारीफ करते नहीं थकेंगे। वीडियो में देखा जा सकता है कि हाथी सड़क से जाता रहता है। इसी बीच एक घर के पास ऊंचे पेड़ पर लगे कटहल पर हाथी की नजर पड़ती है, जिसे तोड़ने के लिए हाथी गजब का जुगाड़ लगाता है। वीडियो में आगे आप देख सकते हैं कि, कैसे हाथी अपने दोनों पैरों को घर की छत पर टिकाता है और अगले ही पल सूंड से खुद कटहल तोड़ लेता है और मजे से खाता हुआ चल देता है। इंस्टाग्राम पर हाथी के इस वीडियो को शेयर किया गया है।




# आकाशीय बिजली गिरने से 17 भेड़ व 2 बकरे की मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीते शनिवार को सीमावर्ती परपोड़ी थाना इलाके के रुसे गाँव में गाज गिरने का मामला सामने आ रहा है। इस घटना में समीपवर्ती ग्राम गातापार के पशुपालकों के 17 भेड़ एवं 2 बकरे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गातापार में स्थानीय निवासी बल्ला पाल एवं अन्य पशुपालक रोजाना की तरह अपने पशुओं को लेकर चराने के लिए ग्राम रुसे पहुंचे थे। इस दौरान दोपहर को अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज अंधड़ चलने लगा। इस बीच बादलों की गड़गड़ाहट को सुनकर भयभीत पशु रुसे स्थित तालाब के पास बरगद पेड़ के नीचे एकत्रित हो गए। इसी बीच पशुओं की टोली पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 17 भेड़ एवं 2 बकरे बुरी तरह झुलस गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि इन सब के बीच चरवाहे बल्ला पाल सहित अन्य व्यक्ति सुरक्षित स्थल पर होने से बाल-बाल बच गए।



## प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

इस दुर्घटना के बाद पशुपालकों एवं अन्य ग्रामीणों ने परपोड़ी पुलिस को जानकारी दी। इसकी सूचना पर एएसआई सीएल बंजारे ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके साथ सम्बन्धित क्षेत्र के पशु चिकित्सक भी शामिल थे, जिन्होंने मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान गाज गिरने के कारण 17 भेड़ व 2 बकरे की मौत की पुष्टि की गयी। वहीं, मृत पशुओं के मालिक व चरवाहों को इस हादसे में तकरीबन एक लाख रुपये क्षति पहुंची है। इस हादसे के संबंध में मृत पशुओं के मालिकों ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com